रोहतक
बुधवार, 24 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 235
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.1
न्यून. 22.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,102.10 | 57.87 ▼ |
| निफ्टी | 25,169.50 | 32.85 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,18,900/- | 2700/- ▲ |
| चांदी | 1,39,600/- | 3220/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.73 | 45 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 66.84 बैरल 0.41% ▲

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## सीबीएसई ने बोर्ड परिक्षाओं में किया बड़ा बदलाव

# अब परीक्षा में बैठने के लिए 75 प्रतिशत हाजिरी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

सीबीएसई ने 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए छात्रों को न केवल 75 प्रतिशत हाजिरी पूरी करनी होगी, बल्कि चुने गए विषयों की पढ़ाई लगातार दो वर्षों तक अनिवार्य रूप से करनी होगी। आंतरिक मूल्यांकन में हिस्सा लेना भी जरूरी होगा। यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों की गंभीरता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। बता दें कि सीबीएसई पिछले दिनों अधिसूचना जारी थी। जिसके अनुसार नौवीं व 10वीं कक्षा को दो साल के शैक्षणिक कार्यक्रम के रूप में माना जाएगा। इसी तरह 11वीं और 12वीं कक्षा भी दो साल का कार्यक्रम होगी।

» *दो वर्षीय अध्ययन कार्यक्रम किया जाएगा लागू*

» *नौवीं व 10वीं को दो साल के शैक्षणिक कार्यक्रम के रूप में माना जाएगा*



### दो अतिरिक्त विषय चुन सकेंगे

नए नियमों के अनुसार 10वीं कक्षा के छात्र 5 मुख्य विषयों के साथ दो अतिरिक्त विषय भी चुन सकेंगे। इसी तरह 11वीं और 12वीं के छात्र 5 मुख्य विषयों के साथ एक अतिरिक्त विषय ले सकते हैं। यह बदलाव छात्रों को विषयों का व्यापक चयन करने का मौका देंगे।

### इसे ऐसे समझें

अगर किसी छात्र ने नौवीं कक्षा में कोई विषय चुना है, तो उसे 10वीं में भी उसी विषय को पढ़ना होगा। उदाहरण के लिए यदि किसी छात्र ने नौवीं में कंप्यूटर और संगीत को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना है, तो उसे 10वीं बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए इन विषयों को 10वीं तक पढ़ना अनिवार्य होगा। यही नियम 11वीं व 12वीं कक्षा के लिए भी लागू होगा। बोर्ड ने इन नियमों को इसलिए लागू किया है ताकि छात्र अपनी पढ़ाई के प्रति अधिक गंभीर हों और किसी भी विषय को बीच में न छोड़ें।

## पराली जलाने पर तीन किसानों पर एफआईआर

**30 हजार जुर्माना, रेड एंट्री दर्ज**

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** जिला करनाल में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कृषि उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि अब तक घरौंडा खंड के तीन किसानों जसमेर निवासी गांव कैमला, दिनेश कुमार निवासी गांव फुरलक और विक्की पुत्र राजकुमार निवासी गांव बीजना पर धान की पराली जलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। तीनों से 30,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया है और उनके मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रेड एंट्री कर दी गई है। इससे वे अगले दो सीजन तक एमएसपी पर अपनी फसल नहीं बेच पाएंगे।









*नए GST दर स्लैब के अनुरूप 22 सितंबर 2025 से हमारे उत्पादों के अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) में बदलाव कर दिया गया है। यह संशोधन सरकारी अधिसूचना के अनुसार लागू है। बाजार में थोड़े समय के लिए पुराने और नए MRP वाले उत्पाद एक साथ उपलब्ध हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 1800 180 4108 पर कॉल करें या ई–मेल करें: feedback@patanjaliayurved.org, wecare@patanjalifoods.co.in

रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

जो व्यक्ति समझदार होता है, वह खुद गलतियां नहीं करता है, बल्कि दूसरों की गलतियों से सब कुछ सीख जाता है।

## सोने-चांदी की कीमतों में उछाल जारी
## सोना नए शिखर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती और वैश्विक संकेतों के चलते सोने-चांदी की कीमतों में उछाल का सिलसिला जारी है। राजधानी दिल्ली में मंगलावर को सोने की कीमत 2,700 रुपये की तेजी के साथ 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

**खबर संक्षेप**

### गलत जानकारी दे पीएफ निकाला तो होगा एक्शन

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने चेतावनी दी है कि पीएफ का गलत इस्तेमाल भारी पड़ सकता है।




कर्मचारी भविष्य निधि सिर्फ आपकी सुरक्षा और जरूरी जरूरतों के लिए है। गलत वजह से निकासी करने पर ईपीएफओ उस राशि को वापस लेने के साथ पेनल्टी भी लगा सकता है। साथ ही, नोटिस भेजकर वसूली भी कर सकता है। *एजेंसी*

### सत्येन्द्र जैन की 7.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन जांच के तहत आम आदमी पार्टी



नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के लाभकारी स्वामित्व व नियंत्रण वाली कंपनियों की 7.44 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की हैं। जांच जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ बेनामी संपत्ति रखने से जुड़ा हुआ है। *एजेंसी*

### आश्रित ट्रांसजेंडर बच्चे व भाई बहन को मिलेगा चिकित्सा लाभ

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण



मंत्रालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना और केंद्रीय सेवा नियम, 1944 (सीजी (एमए) नियम) के अंतर्गत बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कर्मचारियों (सेवारत/पेंशनभोगी) के आश्रित ट्रांसजेंडर बच्चे और भाई-बहन अब उम्र की परवाह किए बिना चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। *एजेंसी*

## 71वां नेशनल फिल्म अवॉर्ड



### शाहरुख खान-विक्रांत मैसी बेस्ट एक्टर, रानी मुखर्जी बेस्ट एक्ट्रेस

# मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 71वां नेशनल फिल्म अवॉर्ड समारोह मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मलयालम एक्टर मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा



शाहरुख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से सम्मानित किया है। रानी मुखर्जी ने मिसेस चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख और रानी का यह पहला नेशनल अवॉर्ड है। विक्रांत मैसी का भी यह पहला नेशनल अवॉर्ड था। वहीं, रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेस चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया है। एक्ट्रेस ट्रेडिशनल लुक में द्रौपदी मुर्मू से अवॉर्ड लेने पहुंचीं।



#### शाहरुख खान का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार

शाहरुख खान को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों फिल्म जवान के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड दिया गया। वो हाथ जोड़े हुए मंच पर पहुंचे और बेहद भावुक नजर आए। इस दौरान भवन तालियों से गूंज उठा। ये उनके करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड है।

#### शिल्पा राव बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर

फिल्म जवान के गाने चलेया के लिए शिल्पा राव को बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड मिला है।

#### वैभवी मर्चेंट बेस्ट कोरियोग्राफर

फिल्म रॉकी और रानी के गाने ढिंढोरा बाजे रे के लिए वैभवी मर्चेंट को बेस्ट कोरियोग्राफी का सिल्वर लोटस अवॉर्ड मिला।

#### कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल सम्मान

एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी फिल्म कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का नेशनल अवॉर्ड मिला है। फिल्म के डायरेक्टर यशोवर्धन सिंह ने अवॉर्ड लिया।

**ग्राहकों में उत्साह**

टैक्स छूट का उठा रहे फायदा, जमकर खरीद रहे वाहन व अन्य सामान

# जीएसटी महाबचत पर खरीदारी का तूफान

## देश की तीन टॉप ऑटो मोबाइल कंपनी ने 51000 कारें बेची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की टॉप 3 ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड 51 हजार से ज्यादा कारें बेचीं। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने की वजह कार की कीमतें 4 साल पहले के बराबर पहुंच गई है। इसके अलावा कंपनियां 10% से ज्यादा फेस्टिव डिस्काउंट भी दे रही हैं। कारें सस्ती होने के बाद कंपनियों ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है।

*जीएसटी दरों में सुधार के बाद बाजारों में ग्राहकों की भीड़*

*कारों के दाम चार साल पहले की कीमत पर पहुंचे, सेल बढ़ी*

*कंपनियां 10 फीसदी से ज्यादा फेस्टिव ऑफर भी दे रही*

**11000 कारें बेची**



**30000 कारें बेची**



**मारुति ने सेल्स का 30 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा :** मारुति ने 22 सितंबर को करीब 30,000 कारें बेचीं, जबकि 80,000 लोगों ने गाड़ियों की जानकारी ली। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा, 'ये पिछले 30 सालों में जबरदस्त रिस्पॉन्स है।' छोटी कारों के दाम 10-15% तक सस्ते हो गए, जिससे मिडिल क्लास फैमिली वाले सीधे शोरूम पहुंच गए।

**हुंडई का 5 साल का सेल्स रिकॉर्ड टूटा :** हुंडई ने नवरात्रि के पहले दिन करीब 11,000 गाड़ियां बेचीं, जो पिछले 5 साल में उसकी एक दिन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है। ग्रैंड आई 10 नियोस और क्रेटा जैसी पॉपुलर मॉडल की सबसे ज्यादा डिमांड रही। एक डीलर ने बताया, 'टैक्स कम होने से सुबह से ही शोरूम पर लाइन लग गई।

### छोटी कारों पर जीएसटी 28% से घटकर 18% हुआ

- 4 मीटर तक लंबी और 1200 सीसी पेट्रोल इंजन वाली कार पर 28% जीएसटी + 1% सेस की जगह अब सिर्फ 18% जीएसटी लगेगा।
- 4 मीटर तक लंबी और 1500 सीसी डीजल इंजन वाली कार पर 28% जीएसटी + 3% सेस की जगह अब सिर्फ 18% जीएसटी लगेगा।
- 4 मीटर से ज्यादा लंबी और 1200 सीसी से ज्यादा की पेट्रोल और 1500 सीसी से ज्यादा की डीजल गाड़ियों पर 40% जीएसटी लगेगा।

### टाटा ने एक दिन में रिकॉर्ड 10,000 कारें डिलीवर कीं



वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि उसके डीलरों ने नवरात्रि पर्व के पहले दिन करीब 10 हजार यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की। नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद वाहनों की कीमतों में आई कमी से ग्राहकों की मांग में यह तेजी देखने को मिली है। नेक्सॉन और पंच जैसे एसयूवी मॉडल्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे हैं।

**छूट ऑफर का लाभ उठा रहे ग्राहक**

*मार्केट इंटेलिजेंस जैटो डायनेमिक्स के विश्लेषण के मुताबिक बीते माह अगस्त में गाड़ियों पर औसत इंसेंटिव 9.3% बढ़कर 45,391 रुपए रहा। यह बीते साल अगस्त में 41,514 रुपए था। यानी इस साल कार कंपनियां पिछले साल की तुलना में 10% ज्यादा छूट दे रही हैं।*

### कंपनियों के डिस्काउंट बढ़ाने की वजह

- नवरात्रि से फेस्टिव सीजन की शुरुआत होती है। इन 9 दिन में कार खरीदना शुभ माना जाता है।
- इस साल जनवरी से जून में 22 लाख वाहन बिके। बिक्री 1.4% बढ़ी। सेल्स बढ़ाने का दबाव है।
- अगस्त में कंपनियों के पास 56 दिन का स्टॉक था, जबकि इंडस्ट्री के लिए 21 दिन का स्टॉक सही माना जाता है।
- पेट्रोल गाड़ियों पर इंसेंटिव 14% बढ़ाकर 44,733, डीजल पर 32.5% घटाकर 45,887 किया गया है।

*अलीगढ़ में हादसा, कैंटर से टकराई कार*

## तेज रफ्तार सीएनजी कार का टायर फटा चार दोस्तों समेत पांच की जिंदा जलकर मौत

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** अलीगढ़ में हाईवे पर चार दोस्त समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां 100 की स्पीड से जा रही सीएनजी कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड से जा रहे कैंटर से जा टकराई। राहगीरों ने एक कार सवार को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे। इनमें चार लोग और कैंटर चालक जिंदा जल गए। कार चला रहे लड़के का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची। 20-25 मिनट में आग बुझाई गई। इसके बाद पुलिस ने देखा तो शवों के सिर्फ कंकाल बचे थे। बॉडी बैग में पुलिस सभी शवों को भरकर ले गई।

20-25 मिनट में बुझ पाई आग ■ शवों के सिर्फ कंकाल बचे




### युवराज से सट्टेबाजी मामले में पूछताछ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह मंगलवार दोपहर 12:15 बजे दिल्ली के ईडी ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे अधिकारी ऑनलाइन बेटिंग एप 'वनxबेट के प्रमोशन



मामले में पूछताछ की गई। कुछ दिन पहले युवराज सिंह को जांच एजेंसी ने दिल्ली स्थित दफ्तर में पेश होने के लिए समन भेजा था। युवराज सिंह के अलावा एक्ट्रेस अन्वेशी जैन से भी पूछताछ हो रही है। युवराज सिंह से पहले ईडी शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से पहले ही पूछताछ कर चुकी है। बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद को भी 24 सितंबर को पेश होने का समन भेजा गया है। ईडी का कहना है कि जांच जारी है और सभी पहलुओं को परखा जा रहा है। *एजेंसी*

## कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष व नेता विपक्ष की ताजपोशी की तैयारी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में कांग्रेस नेता विपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की तैयारी में है। सूत्रों का दावा है कि इस बार कांग्रेस दक्षिण हरियाणा से प्रदेश अध्यक्ष चुन सकती है। वहीं, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता विपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। कांग्रेस आलाकमान ने नारनौल के रहने वाले पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह और पूर्व सीएम हुड्डा को अचानक दिल्ली बुलाया है। उन्हें बुधवार को बिहार में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इससे इन कयासों को बल मिला है। कांग्रेस ने नेता विधायक दल और सदन में विपक्ष का नेता नहीं चुना है।





नेता विपक्ष के तौर पर हुड्डा तो प्रदेशाध्यक्ष के लिए राव नरेंद्र का नाम आगे

#### सियासी गलियारों में चर्चा

सोशल मीडिया और सियासी गलियारों में जहां पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता विपक्ष बनाए जाने की चर्चा चल रही है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के लिए पूर्व सेहत मंत्री राव नरेंद्र सिंह का नाम आगे चल रहा है।

#### इन्हें भी दिल्ली बुलाया

बताया जा रहा है कि हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद और एक अन्य वरिष्ठ नेता ने दोनों को दिल्ली बुलाया है। हालांकि इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा से संबंध रखने वाली सांसद सैलजा पूर्व केंद्रीय मंत्री के अलावा रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी दिल्ली बुलाया गया है।

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला**

## निजी सोसायटी भी अब आरटीआई के दायरे में

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि निजी सहकारी सोसायटी की वह जानकारी, जिसे सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कानूनन हासिल कर सकते हैं, सूचना का अधिकार (आरटीआई ) अधिनियम के तहत नागरिकों को दी जा सकती है। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऐसी सूचनाओं पर कोई रोक नहीं लगाई जा सकती। यह मामला गुरुग्राम स्थित सरस्वती कुंज कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड से जुड़ा था। सोसायटी ने राज्य सूचना आयोग द्वारा जारी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। आयोग ने सोसायटी को निर्देश दिया था कि वह जानकारी उपलब्ध करवाए।

लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि **सहकारी संस्थाओं को भी इससे अलग नहीं किया जा सकता**

## दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदलने की निंदा

*बकाया राशि की वसूली के लिए गिरफ्तारी की धमकी नहीं दी जा सकती*

# पैसों की वसूली के लिए अदालतें रिकवरी एजेंट की तरह काम नहीं कर सकतीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतें वसूली (रिकवरी) एजेंट के रूप में कार्य नहीं कर सकतीं तथा उसने किसी विवाद में पक्षकारों द्वारा दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदल देने की प्रवृत्ति की निंदा की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ कहा कि बकाया राशि की वसूली के लिए गिरफ्तारी की धमकी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। यह हालिया प्रवृत्ति बन गई है कि पक्षकार धन की वसूली के लिए आपराधिक मामले दर्ज कराते हैं, जबकि यह पूरी तरह से दिवानी विवाद होता है।

**लगातार बढ़ रहे केस**

#### व्यक्ति ने लगाए थे अपहरण के आरोप

उच्चतम न्यायालय ने ये टिप्पणियां सोमवार को उत्तर प्रदेश से जुड़े एक आपराधिक मामले में कीं, जहां धन की वसूली के विवाद में एक व्यक्ति पर अपहरण के आरोप लगाए गए थे। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि इस तरह की शिकायतों में वृद्धि हुई है।



#### ऐसे मामलों में बीच में फंस जाती है पुलिस

उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे मामलों में पुलिस बीच में फंस जाती है क्योंकि यदि वह संज्ञेय अपराध का मामला होते हुए भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती तो अदालत उसे फटकार लगाती है, और यदि दर्ज करती है तो पक्षपात का आरोप लगाया जाता है और यह कहा जाता है कि पुलिस ने विधिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इन शिकायतों में धन की वसूली के विवाद को आपराधिक मामले का रूप दे दिया जाता है।

#### कानून का दुरुपयोग गंभीर खतरा

अदालत ने कहा कि इस तरह आपराधिक कानून का दुरुपयोग न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने टिप्पणी की, "अदालतें पक्षकारों के लिए बकाया राशि वसूलने के लिए रिकवरी एजेंट नहीं हैं। न्यायिक प्रणाली का इस प्रकार दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।" उच्चतम न्यायालय ने नटराज को सुझाव दिया कि प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा सकता है, जो सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश हो। पुलिस ऐसे नोडल अधिकारी से परामर्श करके यह तय कर सकेगी कि मामला दीवानी है या आपराधिक और उसके बाद कानून के अनुसार आगे बढ़े।



## नवरात्र पर विशेष



### तृतीया-चंद्रघंटा

देवी का तीसरे दिन चंद्रघंटा स्वरूप होता है। मस्तिष्क पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होने के कारण ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। स्वर्ण के समान पीले रंग वाली देवी के तीन नेत्र और दस हाथ हैं, जिन पर विविध अस्त्र-शस्त्र सुशोभित हैं। चंद्रघंटा देवी का वाहन सिंह है। इन्हें श्री समृद्धि की देवी भी माना जाता है। यह दैत्यों का संहार करने वाली तथा प्रकृति की रक्षक भी मानी जाती है।

मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली हैं। माता के इस रूप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है-

*पिंडजप्रवरारूढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।*
*प्रसादं तनुते मह्यां चंद्रघंटेति विश्रुता॥*

## खबर संक्षेप



### ट्रक और लोडिंग गाड़ी की टक्कर में चालक की मौत

**जुलाना।** मंगलवार को जुलाना के पास एनएच 352 पर एक ट्रक और लोडिंग गाड़ी की टक्कर में लोडिंग गाड़ी के चालक की मौत हो गई और गाड़ी में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बैंक की सील तोड़ने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन थाना पुलिस ने गांव ककहेडी में बैंक द्वारा कब्जा में ल गई मकान व दुकान की सील तोड़ने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारी विकास पवार की शिकायत पर दर्ज किया गया है। विकास पवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बैंक द्वारा गांव ककहेड़ी के बलविंदर सिंह की दुकान व मकान कब्जे में ली गई थी। उस पर बैंक द्वारा सील लगा दी गई थी।

### कपड़ा कारोबारी से मांगी रंगदारी, आरोपी धरा

**फरीदाबाद।** कपडा कारोबारी से 50,000 रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में क्राईम ब्रांच सैन्ट्रल ने एक और आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमित निवासी सुभाष कालोनी बल्लभगढ़ ने पुलिस चौकी अग्रसेन चौक में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बल्लभगढ मार्केट में कपडा की दुकान है। 27 फरवरी को वह अपने भाई को दुकान पर छोडकर खुद शादी में चला गया था। जिसके बाद चन्दन व हर्ष नाम के लडके दुकान पर आए जिन्होंने कपडे फ्री में लेने के लिए उसके भाई की बात वरुण राणा से करवाई।

### पॉलिसी करने के नाम पर 4 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** लाईफ इंश्योरेंस पॉलिसी करने के नाम पर 4 लाख रुपये की ठगी के मामले में ठगो को खाते व सिम कार्ड उपलब्ध करवाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### शराब तस्करी करने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विनोद निवासी सेक्टर-16 ने पुलिस चौकी सेक्टर 16 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 18 अगस्त को वह और उसकी पत्नी अपनी ड्युटी पर चले गए थे तथा शाम को घर वापस आकर देखा तो घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था।

---

**कार्रवाई : फरीदाबाद में प्रॉपर्टी डीलर की मौत पर हंगामा**

# थार चला रहे एसीपी का बेटा व उसके तीन दोस्त गिरफ्तार

**परिवार बोला थार से कुचलकर मारा**

*घटना पर एसीपी राजेश लोहान ने कहा कि गाड़ी मेरे नाम पर रजिस्टर्ड है। उसे रात को मेरा ड्राइवर लेकर गया था। हम पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं। मेरा बेटा गाड़ी नहीं चला रहा था।*



मनोज कुमार मंगला (मृतक फाइल फोटो)

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में प्रॉपर्टी डीलर को थार से कुचलने के मामले में पुलिस ने एसीपी के बेटे समेत 4 लोगों को हिरासत में ले लिया है। सोमवार रात को परिवार के लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर जमकर हंगामा किया था। उन्होंने कहा कि एसीपी के बेटे ने थार से टक्कर मारी, जिसमें उसकी मौत हुई। पुलिस आरोपी को बचाने की कोशिश कर रही है। जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए और डेड बॉडी लेकर रवाना हो गए। वहीं, घटना पर एसीपी राजेश लोहान ने कहा कि गाड़ी मेरे नाम पर रजिस्टर्ड है। उसे रात को मेरा ड्राइवर लेकर गया था। हम पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं। मेरा बेटा गाड़ी नहीं चला रहा था।




फरीदाबाद। थाना सेन्ट्रल परिसर में खड़ी थार गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### परिवार ने किया हंगामा

परिवार के लोग सोमवार रात को टाउन पार्क में इकट्ठे हुए और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि थार को एसीपी का बेटा चला रहा था। मनोज की जान बूझकर टक्कर मारकर हत्या की गई है। पुलिस एसीपी के बेटे को बचा रही है। सूचना मिलते ही एसएचओ और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों को शांत किया।

### पुलिस ने 4 आरोपी हिरासत में लिए

मंगलवार सुबह डीसीपी सेंट्रल ऊषा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों को पकड़ लिया है। इसमें एसीपी राजेश लोहान का बेटा भी शामिल है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थार को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थार एसीपी के नाम रजिस्टर्ड है। अभी उनके बेटे से पूछताछ की जा रही है।

### वृंदावन घूमने गया था मनोज

मनोज कुमार मंगला (45) प्रॉपर्टी डीलर थे। उनका भाई विक्की कुमार डबुआ सब्जी मंडी में आढ़त का काम करता है। विक्की ने पुलिस को बताया कि मनोज 21 सितंबर (शनिवार) को वृंदावन घूमने गए थे। वापस लौटते समय रात अधिक होने पर वह अपने दोस्त प्रवेश की सेक्टर-9 स्थित दुकान पर रुक गए। विक्की ने बताया कि रात करीब 1 बजे मनोज का दोस्त नवदीप और अमन बाइक से खाना लेने धर्मा ढाबा जा रहे थे। सेक्टर-12 कट के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार थार ने उनकी बाइक के सामने कट मारा। इस पर उन्होंने बाइक रोक ली। इसके बाद नवदीप और अमन बाइक लेकर आगे बढ़े तो थार चालक उनके साथ गाली-गलौज करने लगा।

### आरोपियों से की जा रही पूछताछ

गौरतलब है कि 21-22 सितंबर की रात को कन्वेंशन हॉल सेक्टर 12 के पास मनोज कुमार निवासी नंगला एनक्लेव को एक थार गाड़ी द्वारा कुचल दिया था। इलाज के दौरान मनोज की मृत्यु हो गई थी। जिस पर थाना सेंट्रल में मामला पंजीकृत हुआ। मामले में हत्या की धारा जोड़ी गई है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रलए उषा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि थाना सेंट्रल की टीम द्वारा कार्रवाही करते हुए संलिप्त सभी 4 आरोपितों को राउंडअप कर थार गाड़ी को कब्जे में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक मनोज का बोर्ड के माध्यम से पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले में तथ्यों के आधार पर कार्रवाई जारी है। डीसीपी सेन्ट्रल ने बताया कि मामले की गंभीतर को देखते हुए एसीपी सेंट्रल के नेतृत्व में पूछताछ के लिए एसआईटी बनाई गई है।

---

**कोठी के गार्ड रूम में शव मिलने से हड़कंप**

# कैबिनेट मंत्री के निवास पर कांस्टेबल ने की खुदकुशी

***झज्जर के सुखपुरा के रहने वाले जगबीर सिंह, आर्मी से रिटायर हो पुलिस में भर्ती हुआ था***

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम सिविल लाइंस रोड स्थित कैबिनेट मंत्री के निवास पर सुबह गुरुग्राम पुलिस के एक कांस्टेबल का शव मिलने से इलाके में हडक़ंप मच गया। कांस्टेबल अपनी ड्यूटी पर मंत्री निवास पर बने गार्ड रूम में मौजूद था। सुबह जब पुलिसकर्मी यहां आए तो कांस्टेबल को मृत पाया जिसके बाद इसकी सूचना मंत्री सहित पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची सिविल लाइंस थाना पुलिस ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से झज्जर के गांव सुखपुरा के रहने वाले जगबीर सिंह (49) पुलिस में बतौर कांस्टेबल तैनात थे। उनकी ड्यूटी मंत्री राव नरबीर की सुरक्षा में थी। रात करीब ढाई बजे वह गार्ड रूम में मौजूद थे और यहां कॉफी के साथ ही कुछ नशीला पदार्थ खा लिया और अपनी जान दे दी। सुबह जब ड्यूटी बदलने के समय पर अन्य पुलिसकर्मी यहां पहुंचे तो जगबीर को मृत अवस्था में पाया। इसकी सूचना मंत्री राव नरबीर सहित सिविल लाइंस थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेने के साथ ही मौके पर जांच शुरू कर दी। पुलिस की मानें तो प्रारंभिक तौर पर जांच के दौरान पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि जगबीर सिंह कई दिनों से परेशान चल रहे थे।

# बहादुरगढ़: तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव झाड़ौदा के बाबा हरिदास मंदिर परिसर में दो मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। दोनों के शव सोमवार देर रात मंदिर के पास बने तालाब से मिले। मृतकों की पहचान 9 वर्षीय रुद्राक्ष और 7 वर्षीय आराध्या के रूप में हुई है। दोनों भाई-बहन सोमवार शाम करीब 5 बजे मंदिर परिसर की तरफ खेलने गए थे और उसके बाद घर नहीं लौटे। परिवार ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रात करीब 11 बजे दोनों के शव तालाब में मिले। पुलिस ने आशंका जताई कि बच्चे फिसलकर तालाब में गिरे होंगे। रुद्राक्ष और आराध्य के पिता दीपक पांडे पहले बहादुरगढ़ में ई-रिक्शा चलाते थे और अब कापसहेड़ा में एक कंपनी में काम करते हैं। मां मधु आशा वर्कर हैं। परिवार पहले गीतांजलि कॉलोनी में रहता था, लेकिन बाढ़ के बाद झाड़ौदा गांव में मंदिर के पास किराये पर कमरा ले लिया था। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

---

**तालीम लेने नहीं आया तो भड़का**

# पानीपत में मौलवी ने बच्चे को रस्सी से बांधकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के गांव पसीना की मस्जिद के मौलवी आलीशान पर नौ साल के बच्चे को पीटने का आरोप है। बच्चे के पिता मोहम्मद अंसारी ने बताया कि उनका पुत्र आलीशान के पास इस्लामिक शिक्षा लेने जाता है। वहीं बच्चा एक दिन आलीशान के पास नहीं गया तो उसने उसके पुत्र को बुरी तरह से पीटा। बच्चे के शरीर पर मारपीट के निशान है। इधर, पति मोहम्मद अंसारी ने मौलवी आलीशान की शिकायत हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस से की है। इधर, थानेदार अनिल ने बताया कि बच्चे के साथ मौलवी द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत मिली है। वहीं, बच्चा मौलवी के पास मस्जिद में जाता था। रविवार को नहीं गया तो उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है।



### व्यक्ति को विदेश भिजवाने के नाम पर 68,000 ठगे


**कैथल।** सीवन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को विदेश भिजवाने के नाम पर 68000 की धोखाधडी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खानपुर के राजेश कुमार ने सीवन थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इसे लेकर उसकी बातचीत तरुण शर्मा नामक व्यक्ति से हुई। उसने उसे विदेश भिजवाने की बात कही तथा फरवरी 2024 से लेकर में 2025 तक आरोपी ने उसे 68000 की राशि ले ली तथा उसे जल्द ही विदेशी भिजवाने की बात कही। आरोपी ने बार-बार आश्वासन के बावजूद उसे विदेश नहीं भेजा तथा न ही राशि वापिस दी।

**ग्रामीणों ने मॉनसून से पहले टीकाकरण न करने का आरोप लगाया**

# हरिकोट में फैली मुंह खुर की बीमारी कई पशुओं की मौत से ग्रामीणों में भय

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव हरिकोट में मुंह-खुर बीमारी से एक सप्ताह में एक दर्जन पशुओं की मौत होने का समाचार है। बीमारी के कारण पशुपालकों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि मानसून से पहले गांव में टीकाकरण नहीं किया गया। साथ ही गांव में आपूर्ति का पानी भी गंदा आ रहा है। इससे पशुओं की स्थिति और बिगड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पशु डॉक्टरों की टीम एक बार गांव में आई थी और टीके भी लगाए थे, लेकिन इसके बावजूद बीमारी पर काबू नहीं पाया जा सका है। ग्रामीणों ने स्पेशल टीम भेजने और पशुओं के इलाज की मांग की है। राजेश, अमरजीत, अजय, धर्मपाल और गुलाब ने बताया कि गांव में काफी दिनों से यह बीमारी फैली हुई है। राजेश की भैंस, रिसाल की गाय, रमेश की कट्टी, संदीप के कटड़े, रविंद्र की भैंस, पुष्कर की भैंस, रामकिशन की कटड़ी और डॉ. मदन की गाय सहित कई अन्य पशुओं की मौत हो चुकी है।



हिसार। मुंह-खुर से प्रभावित भैंस। फोटो : हरिभूमि

### सरकार से मुआवजा की मांग

पशुपालकों की मांग है कि जिन लोगों के पशुओं की मौत हुई है, उन्हें सरकार मुआवजा दे। साथ ही गांव में पानी की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। ग्रामीणों के अनुसार पशुपालन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया था, पशु डॉक्टरों की टीम गांव में आई भी टीके भी लगा कर गई थी परंतु मुंह खुर बीमारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को तो एक दिन में चार पशुओं की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार पशुपालन विभाग की स्पेशल टीम को गांव में लगातार भेजना चाहिए और पशुओं को दवा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन दो तीन पशुओं की मौत हो रही है। हरिकोट के सरपंच प्रतिनिधि जगदीश ने भी चिंता जताई है।

---

# एक ही रात में दो हत्याओं से दहला रेवाड़ी

**युवक ने दोस्त को मार डाला तो बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सोमवार की रात एक युवक ने अपने दोस्त की रॉड मारकर हत्या कर दी, तो ऑयल मिल में सो रहे बुजुर्ग का सिर फोड़कर मौत के घाट उतार दिया गया। दोनों मामलों में कसोला थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने व काबू करने के प्रयास शुरू कर दिए।

पुलिस के अनुसार लगभग 40 वर्षीय भूपेंद्र रात को अपने दोस्त मोहित के साथ बैठा हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। देर रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मोहित ने भूपेंद्र पर रॉड से हमला कर दिया। इसके बाद मोहित वहां से फरार हो गया। पता चलने के बाद परिजनों ने रात को करीब 2 बजे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया। रोहतक पीजीआई में उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद कसोला थाना पुलिस रोहतक पीजीआई पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मिल मालिक का खून से लथपथ शव मिला



बखापुर निवासी लगभग 70 वर्षीय रोशनलाल ने अपने गांव के बस स्टैंड पर तेल मिल की हुई है। रात को मिल के साथ बनी दुकान में सो रहा था। मंगलवार सुबह गांव का एक युवक वहां पहुंचा, तो रोशनलाल का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। उसने पुलिस और मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक के सिर और गर्दन पर चोट के निशान पाए गए हैं। एसएचओ शिवदर्शन ने बताया कि बुजुर्ग का सारा सामान सुरक्षित मिला है, जिससे लूट की कोई संभावना नहीं है। पुलिस ने दोनों मामलों में गहनता से जांच करते हुए हत्यारोपियों का पता लगाने में जुटी हुई है।

**बुजुर्ग की हत्या के बाद जमा लोग**



# कन्हैया मित्तल की पोस्ट पर बवाल

**महाराजा सूरजमल को खान लिखा, जाट समाज भड़का, माफी मांगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल में एक धार्मिक कार्यक्रम में भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक पेज पर महाराजा सूरजमल को सूरज खान लिखे जाने पर जाट समाज में रोष फैल गया। समाज के लोगों ने मंगलवार सुबह स्टेडियम के गेट पर ताला जड़कर कार्यक्रम के लिए मंगवाए गए टेंट व अन्य सामान को अंदर ही बंद कर दिया और गायक कन्हैया मित्तल के पोस्टरों पर उनके चेहरे पर कालिख पोत दी। समाज के लोगों ने उनके खिलाफ जमकर नारे लगाए। समाज के लोगों ने जाट शिक्षण संस्थान में इस संबंध में बैठक भी की और मांग की कि कन्हैया मित्तल इस बारे में अपने पेज पर लाइव आकर समाज से माफी मांगे। जगरूप ढुल, होशियार गिल, केसा राम प्योदा, महावीर चहल व अन्य लोगों ने कहा कि जाट समाज के अजय सम्राट महाराजा सूरजमल को सूरजखान कहकर गायक ने उनका अपमान किया है। उन्होंने यह भी कह दिया कि इस मामले को लेकर वे गायक के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग करेंगे। बता दें कि, कैथल के महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम में बीती रात बाबा श्याम का भव्य जागरण का आयोजन हुआ था। इसमें गायक कन्हैया मित्तल के फेसबुक पेज पर महाराजा सूरजमल को सूरज खान लिख कर लाइव प्रसारण चला दिया गया।



कैथल। महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम को तालाबंदी करते जाट समाज के लोग फोटो : हरिभूमि

---

**कैथल-कुरुक्षेत्र में क्रेच वर्कर्स को दिया जा रहा 19900 वेतन, बाकी जिलों में 15000 रुपये मिल रहे**

# समान काम समान वेतन कानून की धज्जियां उड़ा रहा हरियाणा का महिला एवं बाल विकास विभाग

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को भी दिखा रहे हैं ठेंगा**

***बढ़ा हुआ वेतनमान नहीं मिला तो पंचकूला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी प्रदेशभर की क्रेच वर्कर्स***

*हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि कैथल और कुरुक्षेत्र जिलों की वर्कर्स के वेतन में जो बढोतरी हुई है, वह फैसला दूसरे जिलों में समान पद पर कार्य कर रही क्रेच वर्कर्स पर भी लागू हो।*

राज कुमार नरवाल ⏭ महम

महिला एवं बाल विकास विभाग के पंचकूला स्थित मुख्यालय के अधिकारी पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं, जिसमें कैथल और कुरुक्षेत्र जिले की क्रेच वर्कर्स का वेतनमान बढ़ाए जाने का फैसला सुनाया गया था। इस फैसले में विभाग को आदेश दिया गया था कि अधिकारी क्रेच वर्कर्स को 19900 रुपए का ग्रेड पे प्रदान करें। लेकिन विभाग ने इन दोनों जिलों में क्रेच वर्कर्स को 19 हजार 900 रुपए प्रतिमाह वेतनमान देना शुरू कर दिया। लेकिन कोर्ट के फैसले के मुताबिक इनको क्लर्क का ग्रेड पे दिया जाना था। ग्रेड पे के मुताबिक क्रेच वर्कर्स का वेतनमान अधिक बनता है। लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग एक हांडी में दो पेट वाली कहावत चिरतार्थ करता हुआ दिखाई दे रहा है। प्रदेश के बाकि जिलों में क्रेच वर्कर्स को 15 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है। क्रेच वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन हरियाणा की राज्य प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि हाई कोर्ट के फैसले में जजों की खंडपीठ ने जो फैसला सुनाया था उसमें साफ साफ लिखा था कि जो फैसला कैथल और कुरुक्षेत्र की क्रेच वर्कर्स पर लागू होता है, वह अन्य जिलों में इस पद पर काम कर रही क्रेच वर्कर्स पर भी लागू किया जाएगा। लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग की डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर एक ओर महिलाओं के कल्याण के लिए बेहतर योजनाएं बनाने का दावा कर रही हैं, वहीं इनके अधीन विभिन्न जिलों में काम कर रही सैकड़ों महिलाएं (क्रेच वर्कर) पिछले दो साल से बढा हुआ वेतनमान लेने के लिए भटक रही हैं। महिलाओं के विकास के लिए बनाया गया हरियाणा सरकार का यह महकमा खुद ही हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी महिलाओं को न्याय नहीं दे रहा। 18 दिसंबर 2023 को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने आदेश दिया था और तब से विभिन्न जिलों की क्रेच वर्कर्स को उम्मीद जगी थी।

### हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार 19900 ग्रेड पे मिलना चाहिए

अन्य जिलों की कर्मचारियों ने कैथल और कुरुक्षेत्र जिले में कोर्ट का फैसला लागू होने का इंतजार किया। लेकिन अब दोनों जिलों में 19 हजार 900 रुपए वेतनमान मिलना शुरू हो गया है। रोहतक, हिसार, फतेहाबाद और जींद जिले की क्रेच वर्कर्स ने कहा कि यदि शीघ्र ही उनको बढ़ा हुआ वेतन नहीं दिया गया तो प्रदेश के सभी जिलों की क्रेच वर्कर्स पंचकूला स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगी और तब तक वे वापस घर नहीं लौटेंगी जब तब उन्हें हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार क्लर्क का 19900 ग्रेड पे नहीं मिल जाता।

# आढ़ती को धमकी देकर चौथ मांगने का आरोपित गिरफ्तार

**व्हाट्सअप पर कॉल कर चौथ मांगने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

उचाना थाना पुलिस ने मंडी के आढ़ती को व्हाट्सअप पर कॉल कर के 20 लाख रुपये की चौथ मागने के एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। उचाना अनाज मंडी के आढ़ती सतनारायण ने 16 मार्च 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। जब उसने कॉल को उठाया तो कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को अनमोल बिश्नोई बताया और 20 लाख रुपये की चौथ मांगी। चौथ राशि न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। सतनारायण ने आरोप लगाया था कि गांव मोहनगढ़ छपड़ा निवासी प्रवीण ने उसे धमकी दिलवाई है। प्रवीण के साथ उसके बेटे का रुपयों का लेनदेन रहा है। जिसके चलते प्रवीण उन्हें कई बार धमकी दे चुका है। पुलिस ने प्रवीण समेत दो लोगों के खिलाफ चौथ मांगने तथा धमकी देने का मामला दर्ज कर प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में राजनगर निवासी अनिल का नाम सामने आया था। अनिल ने ही प्रवीण के कहने पर आढ़ती को धमकी देकर 20 लाख रुपये की चौथ मांगी थी। उचाना थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### कोपनहेगन एयरपोर्ट पर दिखे ड्रोन, एयरस्पेस बंद



**कोपनहेगन।** डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में सोमवार देर रात एयरपोर्ट के ऊपर सोमवार को दो से तीन बड़े ड्रोन्स देखे गए। इनकी पहचान होते ही फ्लाइट्स की तुरंत लैंडिंग करा ली गई और उड़ान भरने जा रहे विमानों का टेकऑफ रोक दिया गया। कुछ अन्य विमानों को दूसरे एयरपोर्ट डायवर्ट कर दिया गया। 50 उड़ानों को अब तक रद्द किया जा चुका है, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट दूसरे एयरपोर्ट्स भेजी गई हैं। वहीं, 15 से ज्यादा उड़ानों का मार्ग बदला गया है।

### दुतेर्ते ने कराई 76 लोगों की हत्या: आईसीसी



**हेग।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने सोमवार को पूर्व फिलीपींस राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के खिलाफ मानवता विरोधी अपराधों के आरोप सार्वजनिक कर दिए। दुतेर्ते पर आरोप है कि उनके निर्देश और इजाजत से कम से कम 76 लोगों की हत्याएं हुईं। ये हत्याएं उनके राष्ट्रपति रहने के दौरान और इससे पहले दक्षिणी शहर दावाओ के मेयर रहते हुए की गईं। आईसीसी की ओर से जारी 15 पन्नों के चार्जशीट में यह जानकारी दी गई है।

### शिक्षा मंत्रालय ने विकसित भारत बिल्डथॉन-25 की शुरुआत की

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राजधानी में एक कार्यक्रम में स्कूली छात्रों में नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत बिल्डथॉन-25 का शुभारंभ किया। इसमें सरकारी और निजी मिलाकर कुल 6 लाख स्कूलों के छठी से बारहवीं कक्षा तक के कुल 12 करोड़ छात्र भाग लेंगे। पंजीकरण वेबसाइट पर 23 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चलेगा। 6 से 13 अक्टूबर तक स्कूलों की तैयारी अवधि होगी। बिल्डथॉन का मुख्य आयोजन 13 अक्टूबर को सुबह 10 से 12 बजे तक किया जाएगा। 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक विशेषज्ञों का एक पैनल छात्रों द्वारा दी गई तमाम प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करेगा। जिसके बाद अगले वर्ष जनवरी-26 में परिणामों की घोषणा और 1 हजार से अधिक शीर्ष विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

---

*यूएनजीए में बोले ट्रंप, रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध की फंडिंग कर रहे भारत व चीन*

# दुनिया में जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी, लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को करीब 55 मिनट तक संयुक्त राष्ट्र की सामान्य सभा महासभा को संबोधित किया। जबकि बोलने के लिए सिर्फ एक मिनट दिए गए थे।

**फिर कहा, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई, इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने मांगा था शांति का नोबेल**



एजेंसी ▶▶ संयुक्त राष्ट्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान की बीच जंग रुकवाने का दावा किया। उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे, लेकिन उन्होंने 55 मिनट तक भाषण दिया। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की सामान्य सभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा- दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराईं। ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजराइल-हमास जंग, कार्बन फुट प्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्रॉम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं।

### फलस्तीन को देश का दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज

ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन को देश का दर्जा देने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा कि फलस्तीनी देश को मान्यता देना हमास के लिए बहुत बड़ी बात होगी। जो लोग शांति चाहते हैं, उन्हें सबसे पहले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होना चाहिए। गाजा में युद्ध तुरंत बंद होना चाहिए। सभी 20 बंधकों को बिना किसी देरी के रिहा किया जाए।

### संयुक्त राष्ट्र में ट्रंप और जेलेंस्की की मुलाकात

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। जेलेंस्की ने रूस के मिसाइल, ड्रोन और बम हमलों से अपने देश को बचाने के लिए अमेरिका की अतिरिक्त मदद मांगी। दोनों राष्ट्रपतियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया।

## पीएम मेलोनी के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, कई शहरों में आगजनी



एजेंसी ▶▶ रोम

**फिलिस्तीन को मान्यता न देने पर इटली में प्रदर्शन**

इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि पीएम जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इनकार कर दिया है। सोमवार से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की।

---

## न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

# तुम्हारी वजह से सड़क पर फंसा हूं, अब जल्दी रास्ता खाली करो

*मैक्रों ने ट्रंप को फोन कर कहा*

*न्यूयॉर्क पुलिस अधिकारी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से कहा- मिस्टर प्रेसिडेंट मुझे माफ करना। अभी सब कुछ ब्लॉक है। पुलिस ने बताया कि ट्रंप का काफिला गुजर रहा है जिसकी वजह से ऐसा हुआ है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन


फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयॉर्क की कार सोमवार रात राष्ट्रपति ट्रंप के काफिले की वजह से रास्ते में रोक दी गई। वे संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण देकर आराम करने फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। जब मैक्रों का काफिला रोक गया तो उन्होंने उतर कर पुलिस अधिकारी से इसे लेकर सवाल किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें वे ट्रंप को फोन लगाते हैं और रास्ते खाली करने को कहते हैं। पुलिस अधिकारी ने मैक्रों से कहा- मिस्टर प्रेसिडेंट मुझे माफ करना। अभी सब कुछ ब्लॉक है।

पुलिस ने बताया कि ट्रंप का काफिला गुजर रहा है जिसकी वजह से ऐसा हुआ है। इसके बाद मैक्रों ने तुरंत ट्रंप को फोन किया और हंसते हुए कहा कि आप कैसे हैं? आप जानते हैं, मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है।

जल्दी रास्ता खाली करो। जब ये बातचीत हो रही थी, तब तक ट्रंप का काफिला गुजर चुका था और सड़क सिर्फ पैदल चलने वालों के लिए खुली थी। हालांकि मैक्रों अपनी कार में फिर से नहीं बैठे और पैदल ही ट्रंप से बात करते हुए रवाना हो गए।

*मैक्रों यूएन में भाषण देकर फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे*

*ट्रंप का काफिला गुजरने के बाद मैक्रों फिर कार में नहीं बैठे*



**लोगों के साथ सेल्फी ली**

मैक्रों आधे घंटे तक न्यूयॉर्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रंप से फोन पर बात करते रहे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में लोगों के साथ फोटो भी खिंचाई। एक शख्स ने मैक्रों के माथे को भी चूम लिया। शहर के लोगों के लिए यह हैरान करने वाली घटना थी, क्योंकि आमतौर पर राष्ट्रपति के साथ भारी सुरक्षा व्यवस्था होती है।

### 5 देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

**मैक्रों बोले- ये हमास की हार**



फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी है। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि फ्रांस फिलिस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं।

### फिलिस्तीनियों को राज्य का दर्जा उनका अधिकार



वहीं यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फिलिस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजराइल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फिलिस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा।

### हमास हथियार डाले: फिलिस्तीनी राष्ट्रपति



फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा है कि भविष्य में गाजा पर शासन करने में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने हमास से हथियार छोड़ने को कहा। अब्बास ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक को संबोधित किया, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वीजा देने से इनकार कर दिया था।

---

## जयशंकर-मार्को रूबियो की मुलाकात

# व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर सहयोग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**रूबियो बोले- अमेरिका के लिए भारत 'अत्यंत महत्वपूर्ण'**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत उनके देश के लिए 'अत्यंत महत्वपूर्ण' है। इसके साथ ही, उन्होंने व्यापार के क्षेत्र में भारत के साथ चल रहे सहयोग का स्वागत किया। अमेरिका और भारत ने मिलकर एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सहयोग जारी रखने पर सहमति जताई, जिसमें क्वाड के माध्यम से भी काम होगा।

सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात के बाद, रुबियो ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, दवाइयां, महत्वपूर्ण खनिज और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत सरकार के निरंतर सहयोग की सराहना की।

### मंत्री गोयल कर रहे व्यापार बैठकें

वॉशिंगटन में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की बैठक का मकसद राजनीतिक भरोसे को ठोस कारोबारी नतीजों में बदलना था। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह दौरा आपसी हितों को ध्यान में रखकर जल्द से जल्द एक व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए है। 16 सितंबर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली यात्रा के बाद बातचीत का माहौल सकारात्मक हुआ था। इसी को आगे बढ़ाने के लिए गोयल का यह दौरा हुआ ताकि साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर हस्ताक्षर हो सकें। बातचीत में बाजार तक आसान पहुंच, सप्लाई-चेन सहयोग, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं पर चर्चा हुई। साथ ही टेक्नोलॉजी, स्वच्छ ऊर्जा और दवा क्षेत्र में सहयोग को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

### निरंतर संवाद बनाए रखने पर सहमत

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि बातचीत के दौरान द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर संवाद की आवश्यकता पर हम सहमत हुए। उन्होंने कहा कि वे संपर्क में रहेंगे। जयशंकर ने भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की।

---

## भारत ने कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग की

# कहा- आज की सच्चाई से दूर है संगठन, मौजूदा समय की वास्तविकताओं को सामने लाना जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कॉमनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कॉमनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज ने किया।

### भारत सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध



विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जॉर्ज ने कॉमनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कॉमनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके।

### कॉमनवेल्थ को मजबूती प्रदान करें

*टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में समोआ में आयोजित कॉमनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करना जरूरी है, ताकि कॉमनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके। बहुपक्षीय प्रणाली पर गंभीर दबाव है, लेकिन यह अभी भी सबसे बड़ी ताकत है।*

---

*सिर्फ 2 घंटे देख पाएंगे स्मार्टफोन*

## जापान की टोयोआके नगरपालिका ने शहर में 'डेली स्क्रीन टाइम' तय किया

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के आइची प्रान्त की टोयोआके नगरपालिका ने एक अध्यादेश जारी कर सभी निवासियों से स्मार्टफोन के उपयोग को सीमित करने के लिए कहा है। इस संबंध में टोयोके की नगरपालिका सभा ने सभी निवासियों के लिए दैनिक अवकाश-संबंधी स्क्रीन टाइम को दो घंटे तक सीमित करने वाला एक अध्यादेश पारित किया है।



### 1 अक्टूबर से प्रभावी

यह स्थानीय कानून मार्गदर्शन के रूप में कार्य करता है। ये छात्र, ऑफिस वर्कर्स या घरेलू काम कर रहे लोगों पर लागू नहीं होता। अध्यादेश का उल्लंघन करने वालों के लिए कोई दंड का प्रावधान भी नहीं है। टोयोके के मेयर मासाफुमी कोउकी ने कहा कि यह अध्यादेश शहर के निवासियों के स्वास्थ्य संबंधी उपायों का केवल एक हिस्सा है। इसका मकसद निवासियों को यह बताना है कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग उनकी नींद में भी खलल डाल रहा है।

---

## ट्रंप की पार्टी के नेता का विवादित बयान

# हनुमान झूठे, बाइबल में अन्य धर्म पूजने की नहीं है अनुमति



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के टेक्सास राज्य में मौजूद 90 फुट ऊंची भगवान हनुमान की प्रतिमा को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इसे लेकर टेक्सास के रिपब्लिकन नेता अलेक्जेंडर डंकन, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी से जुड़े हैं और सीनेट चुनाव लड़ रहे हैं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि हम एक क्रिश्चियन (ईसाई) राष्ट्र हैं। हम टेक्सास में झूठे हिंदू भगवान की झूठी प्रतिमा को क्यों अनुमति दे रहे हैं?' डंकन ने बाइबल का हवाला देते हुए लिखा कि तुम्हें मेरे अलावा किसी और ईश्वर की पूजा नहीं करनी चाहिए।

तुम अपने लिए किसी प्रकार की मूर्ति या स्वर्ग, धरती या समुद्र में किसी भी वस्तु की प्रतिमा नहीं बनाओ। यह उद्धरण एक्सोड्यूस 20:3-4 से लिया गया था। बता दें, यह प्रतिमा, जिसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है, 2024 में अनावरण की गई थी।

---

## पन्नू का करीबी सहयोगी इंदरजीत गिरफ्तार



**टोरंटो।** कनाडा ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी इंदरजीत सिंह गोसाल को हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद से कनाडा में गोसाल ही पन्नू के आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस का पूरा काम देख रहा था। बताया जा रहा है एनएसए अजित डोभाल के दबाव डालने के बाद गोसाल को पकड़ा गया है।

---

*अफगानिस्तान ने ट्रंप की मांग ठुकराई*

## कहा- नहीं सौंपेंगे बगराम एयरबेस 20 साल तक लड़ने को भी तैयार

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगान अधिकारियों ने बगराम एयरबेस पर फिर से कब्जा करने की अमेरिकी धमकियों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि विदेशी सैन्य उपस्थिति को फिर से स्थापित करने के किसी भी प्रयास का डटकर विरोध किया जाएगा।

जनरल डायरेक्टरेट ऑफ इंटेलिजेंस के पहले डिप्टी मुल्ला ताजमीर जवाद ने अमेरिका के रणनीतिक हवाई क्षेत्र पर फिर से कब्जा करने के ऐलान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अफगान सरकार मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखेगी। अफगान रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने कहा कि हमारा जवाब है, अगर आप नहीं जाते और हवाई अड्डे चाहते हैं तो हम आपसे अगले 20 साल तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अफगान विदेश मंत्रालय के राजनीतिक निदेशक जाकिर जलाली ने अमेरिका की वापसी की धारणा को खारिज करते हुए कहा कि अफगानों ने 'अपने क्षेत्र में विदेशी सैनिकों को कभी स्वीकार नहीं किया है।



---

# स्मार्टफोन से गाड़ियों तक, सब चल रहे हैं ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के भरोसे

## दुनिया के 6 देशों के पास नैविगेशन सिस्टम, इनमें 'भारत' भी शामिल

*चीन का बीडू 35 से ज्यादा सैटेलाइट्स से जानकारी जुटाता*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) की आवश्यकता वर्तमान समय में कितनी है यह सबको अच्छी तरह से पता है। मैप देखने, गाड़ी बुक कराने और मौसम का हाल भी जीपीएस की मदद से पता चलता है। दुनिया के हर कोने में सिर्फ एक नहीं, बल्कि कई अलग-अलग सैटेलाइट सिस्टम काम करते हैं और हर देश अपना खुद का सिस्टम बनाने की इच्छा रखते हैं। एक नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम को तकनीकी भाषा में जीएनएसएस (ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम) कहते हैं। यह कई सैटेलाइट्स का एक नेटवर्क होता है।

- 2013 में भारत ने लॉन्च किया गया था 'नाविक'



ये सैटेलाइट्स लगातार अपनी लोकेशन और समय की जानकारी पृथ्वी पर भेजते रहते हैं। हमारे फोन या कार में लगे रिसीवर इन सिग्नलों को पकड़ते हैं और कम से कम चार सैटेलाइट्स की मदद से हमारी सटीक लोकेशन का पता लगाते हैं।

### जीपीएस

सबसे पुराना और सबसे ज़्यादा इस्तेमाल होने वाला सिस्टम है जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम), जिसका मालिकाना हक अमेरिका के पास है। इसे अमेरिका के रक्षा विभाग ने विकसित किया था। इसमें 24 से ज़्यादा सैटेलाइट्स हैं, जो पृथ्वी से करीब 20,200 किलोमीटर की ऊंचाई पर घूमते हैं। हमारे स्मार्टफोन, गाड़ियों और दूसरे गैजेट्स में सबसे ज्यादा जीपीएस का ही इस्तेमाल होता है।

### ग्लोनास

रूस का अपना सैटेलाइट बेस्ड नैविगेशन सिस्टम है, जिसे ग्लोनास (ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम) कहते हैं, जिसे 1980 के दशक में विकसित किया गया था। इसमें भी करीब 24 सैटेलाइट्स हैं और कुछ जगहों पर यह जीपीएस से ज्यादा बेहतर काम करता है। कई डिवाइस जीपीएस और ग्लोनास दोनों का इस्तेमाल करके लोकेशन की सटीकता बढ़ाते हैं।

### बीडू

चीन का बीडू सिस्टम पहले सिर्फ क्षेत्रीय था, लेकिन अब यह दुनिया भर में काम करता है। इसमें 35 से ज्यादा सैटेलाइट्स हैं। चीन ने इस सिस्टम को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया है। यह सिस्टम भी बेहद सटीक जानकारी देता है।

### नाविक

इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने इसे भारत और इसके आसपास के इलाकों के लिए बनाया है। इसमें 7 सैटेलाइट्स हैं। इसे भारत की सुरक्षा और नागरिकों की जरूरतों के लिए बनाया गया है। यह जीपीएस से ज्यादा सटीक जानकारी देने में सक्षम है।

### क्यूजेडएसएस

यह जापान और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय सिस्टम है। क्यूजेडएसएस, जीपीएस के साथ मिलकर काम करता है और खासकर उन जगहों पर जहां जीपीएस सिग्नल कमजोर होते हैं।

### ईयू के गैलीलियो में 28 से ज्यादा सैटेलाइट्स

*यूरोपियन यूनियन (ईयू) का गैलीलियों अपने पब्लिक सर्विस के लिए जाना जाता है और इसकी सटीकता बहुत ज्यादा है। इसमें 28 से ज्यादा सैटेलाइट्स हैं।*

## खबर संक्षेप

### विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं को नौकरी में छूट दें



**नई दिल्ली।** विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के लिए ग्रुप सी और डी की नौकरियों में छूट की मांग की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार किया है। केंद्र की नौकरियों की भर्ती के लिए छूट की थी। सुनवाई से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिककर्ता से पूछा कि हमें इसमें हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए?

### चौधरी ने पीके को 100 करोड़ का नोटिस भेजा



**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को 100 करोड़ के मानहानि का नोटिस भेजा है। मंत्री ने पीके पर गलत बयानी करने और उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर अपने आरोपों के लिए क्षमा मांगें, नहीं तो वह उनके उनके खिलाफ कोर्ट जाएंगे।

### पटना में सीडब्ल्यूसी बैठक की बैठक आज

**पटना (भाषा)।** कांग्रेस की बिहार इकाई के अध्यक्ष राजेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि राजधानी पटना में बुधवार को होने वाली कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में ''वोट चोरी'' और अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ सहित राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### आपदाओं से निपटने के लिए जिम्मेदारी तय

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उनकी (आपदा) निगरानी, पूर्व चेतावनी, रोकथाम, परेशानियों को कम करने और तैयारी के लिए विशिष्ट मंत्रालयों और विभागों को नामित किया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आपदाओं के दौरान न्यूनतम असुविधा और कम से कम जनहानि हो। गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी गई है।

योजना के सात वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने किया ट्वीट

# आयुष्मान भारत योजना सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के मामले में क्रांतिकारी साबित हुई: मोदी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

▶▶ **भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति देख रहा**

▶▶ **अब तक 42 करोड़ से ज़्यादा कार्ड जारी किए जा हैं चुके**



प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2018 में आज ही के दिन शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी साबित हुई है और इसके लाभार्थियों के लिए वित्तीय सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित हुआ है।

इस चिकित्सा बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है और गरीब व 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि आज आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। यह एक ऐसी पहल थी जिसमें भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाकर लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता के साथ-साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति देख रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाना, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं। मोदी ने एक आधिकारिक 'एक्स' हैंडल को टैग किया है, जिसने एक पोस्ट में बताया है कि सरकार की इस प्रमुख कल्याणकारी पहल में 55 करोड़ से ज्यादा नागरिक शामिल हैं और यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। पोस्ट में कहा गया है कि अब तक 42 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। पोस्ट में कहा गया है कि इससे सरकार का स्वास्थ्य व्यय 29 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया है, जबकि रोगी का खर्च 63 प्रतिशत से घटकर 39 प्रतिशत रह गया है। पोस्ट में कहा गया है, /लाखों परिवार बीमारी के दौरान आर्थिक तंगी से बाहर आ गए हैं।

बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर फैसला

## मोदी की ओडिशा रैली का स्थान ब्रह्मपुर से झारसुगुड़ा स्थानांतरित

भाषा ▶▶ भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री मोदी की 27 सितंबर को ओडिशा में होने वाली जनसभा को बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर गंजाम जिले के ब्रह्मपुर से झारसुगुड़ा जिले में स्थानांतरित कर दिया गया है। केंद्र द्वारा राज्य सरकार के कार्यक्रम स्थल को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने घोषणा की। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा गंजाम सहित दक्षिणी ओडिशा में दबाव के कारण भारी बारिश का पूर्वानुमान जताए जाने के मद्देनजर यह फैसला किया गया।

### 27 को दौरा करेंगे

*प्रधानमंत्री 27 सितंबर को ओडिशा का दौरा करेंगे और झारसुगुड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री की यात्रा ब्रह्मपुर के लिए निर्धारित की गई थी। 25 सितंबर को कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण 27 सितंबर तक दक्षिणी ओडिशा में भारी से बहुत भारी वर्षा और आंधी-तूफान की आशंका है। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह प्रधानमंत्री का ओडिशा का छठा दौरा होगा।*

जीएसटी दरों में बदलाव पर भाजपा का तंज

# अगर कांग्रेस को लगता है लोग खुश हैं तो जीएसटी सुधार का श्रेय लेने को स्वतंत्र

*भाजपा सांसद पात्रा ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव से जनता को बड़ी राहत मिली है। संबित पात्रा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष लगातार मांगें उठाता रहता है क्योंकि वे जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ही उनकी मांगों को पूरा कर सकते हैं।*

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के नवीनतम सुधारों से लोगों को वस्तुओं की कीमतों में कमी के साथ काफी राहत मिली है। भाजपा ने कांग्रेस की आलोचना को लेकर उस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी पार्टी लगातार मांगें उठाती रहती है क्योंकि वह जानती है कि केवल प्रधानमंत्री मोदी ही उन्हें पूरा कर सकते हैं, यदि मांगें जनहित में हों।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर राज्यों वाली जीएसटी परिषद द्वारा जीएसटी दर में कटौती संबंधी निर्णय का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। इस पर, भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर विपक्षी दल को लगता है कि लोग सुधारों से खुश हैं तो वे प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए बैनर और होर्डिंग लगाकर इसका श्रेय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती लागू होने से पूरे देश में ''उत्सव का माहौल'' है और कार, बाइक, इलेक्ट्रॉनिक सामान और दवाइयों सहित विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आयी है।

▶▶ **अब विपक्ष पीएम मोदी के बैनर होर्डिंग लगाने के लिए स्वतंत्र**



▶▶ पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहने के दौरान "75 वर्षों तक 17 प्रकार के कर" लगाये और अपने शासन के दौरान लोगों को राहत प्रदान करने के लिए प्रणाली को "सुव्यवस्थित" करने के लिए कुछ नहीं किया।

▶▶ पात्रा ने कहा कि वह (कांग्रेस) 'एक राष्ट्र, एक कर' (व्यवस्था) नहीं ला सकी। जीएसटी भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही वास्तविकता बन सका।

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया*

## भारत को बेरोजगारी और 'वोट चोरी' से मुक्त कराना सबसे बड़ी देशभक्ति: राहुल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि बेरोजगारी और /वोट चोरी का सीधा संबंध है तथा अब भारत को अब इन दोनों से मुक्त कराना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।



राहुल ने बिहार के कुछ युवाओं पर लाठीचार्ज और प्रधानमंत्री मोदी के सैर करने से संबंधित अलग-अलग वीडियो 'एक्स' पर साझा किए और कहा कि युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है, क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है - और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोज़गार और अवसर देना। उन्होंने दावा किया कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह"वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बनी रहती है।

### बेरोज़गारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची

*राहुल गांधी ने कहा कि इसीलिए बेरोज़गारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है। इसीलिए नौकरियां घट रही हैं, भर्ती प्रक्रियाएं ध्वस्त हो गई हैं। हर परीक्षा पेपर लीक और हर भर्ती भ्रष्टाचार की कहानियों से जुड़ी रहती है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, "देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और भविष्य के लिए संघर्ष करता है। मोदी सिर्फ पीआर, 'सेलिब्रिटीज' से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में व्यस्त हैं।*

### जनता भाजपा नेताओं को साथ लेकर बाजार जाए: अखिलेश यादव



*लखनऊ (भाषा)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को भाजपा)के एक सांसद के जीएसटी को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए कहा कि जनता ऐसे लोगों को साथ में बाजार लेकर जाए और इनके झूठ की पोल खोले। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गोरखपुर से भाजपा सांसद एवं अभिनेता रवि किशन का जीएसटी पर करीब दो मिनट का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए पोस्ट किया, ''जीएसटी के नाम पर 'उदाहरण के साथ' सब चीजों की कीमत 50 प्रतिशत पर बताने वाले ऐसे लोग, जिन्हें कुछ भी नहीं पता है, वे ना ही बोलें तो भला है।'' यादव ने इसी पोस्ट में कहा, ''ये (सांसद) झूठे भले न हों, पर अज्ञानी जरूर हैं। अभी इनके पास दिल्ली या वित्त मंत्री जी की तरफ़ से 'समझाइश के रूप में डपटाई' का फ़ोन आता होगा ऐसा फ़ोन लखनऊ (प्रदेश नेतृत्व) से नहीं आएगा क्योंकि उधर भी हाल ऐसा ही है।*

शाह ने किया स्टार्टअप कॉन्क्लेव का उद्घाटन

## अगले तीन वर्षों में वैश्विक नवाचार सूचकांक में शीर्ष 10 में शामिल होंगे

**केंद्रीय मंत्री बोले-देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले एक दशक में वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंकिंग 91 से बढ़कर 38 हो गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले तीन वर्षों में भारत शीर्ष 10 में शामिल हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया अभियान के परिणाम दिखने लगे हैं। भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है और इसने देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है। गुजरात सरकार के स्टार्टअप कॉन्क्लेव के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि हाल ही में वैश्विक नवाचार सूचकांक की घोषणा की गई है। 2015 में इस सूचकांक में हमारी रैंकिंग 91 थी, लेकिन 2025 में हम 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह हमारे लोगों की क्षमता को दर्शाता है। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले तीन वर्षों में भारत शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा और हमारे युवाओं के प्रदर्शन और क्षमताओं को देखते हुए, दुनिया में नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

### सालाना 17000 स्टार्टअप स्थापित किए जा रहे

*अमित शाह ने कहा, 2014 में हमारे पास केवल 500 स्टार्टअप थे। आज हमारे पास उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के साथ 1.92 लाख स्टार्टअप पंजीकृत हैं। 2014 में हमारे पास चार यूनिकॉर्न थे और अब हमारे पास 120 ऐसे प्रतिष्ठान हैं। जिनका संयुक्त बाजार मूल्य 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि औसतन सालाना 17000 स्टार्टअप स्थापित किए जा रहे हैं और इनमें से 9000 टियर-2 और टियर-3 शहरों में हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान ने हमारे युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है।*

### अधिकतम ऋण सीमा 10 करोड़ से 20 करोड़ कर दी

*शाह ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया योजना के शुभारंभ के समय सरकार को पता था कि अगर इसके लिए उचित माहौल नहीं बनाया गया तो यह सफल नहीं होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से देश भर के स्टार्टअप्स को वित्तीय, बुनियादी ढांचा, नीतिगत और बैंकिंग सहायता उपलब्ध कराई गई है। स्टार्टअप्स की मदद के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एक फंड ऑफ फंड्स बनाया गया है। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए अधिकतम ऋण सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ कर दी गई है ।*

आवास पर मिली थीं करोड़ों की जली नोटों की गड्डियां

## नकदी के मामले में समिति की मदद करेंगे 2 वकील, सलाहकार नियुक्त

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच तेज हो गई है। नकदी मामले की जांच कर रही समिति की मदद के लिए 2 वकीलों को नामित किया गया है। समिति की सहायता के लिए रोहन सिंह और समीक्षा दुआ को सलाहकार नियुक्त किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए राजनीतिक दलों का नोटिस स्वीकार किया था। 14 मार्च को वर्मा के सरकारी आवास पर नोटों की जली हुई गड्डियां पाई गई थीं। बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य की एक समिति गठित की थी। अब समिति की मदद के लिए दो वकीलों की नियुक्ति की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति को हटाने की सिफारिश की थी



इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने 7 अगस्त को कहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की सिफारिश करने वाली आंतरिक जांच प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है। जस्टिस वर्मा के आवासीय परिसर में आग लगने के बाद जले हुए नोट मिले थे। उस समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त जांच समिति ने घटना की जांच की। जांच समिति की रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि जिस भंडार कक्ष में नकदी मिली थी उस पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न्यायमूर्ति वर्मा और परिवार का नियंत्रण था, जिससे यह साबित होता है कि उनका कदाचार इतना गंभीर है कि पद से हटा दिया जाए।

## बॉलीवुड के फेमस सिंगर जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार, सीएम भी पहुंचे



**गुवाहाटी(भाषा)।** बॉलीवुड के फेमस सिंगर और सांस्कृतिक धरोहर जुबीन गर्ग के निधन ने पूरे प्रदेश को शोक में डुबो दिया है। लाखों की भीड़ सिंगर सुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ी थी। असम के सीएम हेमंत बिस्वा शर्मा भी अंतिम संस्कार में पहुंचे थे। जनसैलाब पर उनका अंतिम संस्कार रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है।

## दिवाली हो या फिर छठ... मिलेगा कन्फर्म टिकट, रेलवे चला रहा 12000 स्पेशल ट्रेनें



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिवाली और छठ जैसे त्योहारों में बिहार और उत्तर भारत से भारी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चार नई अमृत भारत ट्रेनें भी शुरू की जाएंगी। 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक यात्रा करने वाले यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव नेबताया कि त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चार नई अमृत भारत ट्रेनें शुरू की जाएंगी। ये ट्रेनें दिल्ली-गया, सहरसा-अमृतसर, छपरा-दिल्ली और मुजफ्फरपुर-हैदराबाद के बीच चलेंगी। इनका मकसद जनरल क्लास के यात्रियों को बेहतर सुविधा देना है। रेल मंत्री ने एक नई प्रयोगात्मक योजना की भी जानकारी दी। इसके तहत 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक यात्रा करने वाले यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलेगा।

## प्रयागराज में सजा मातारानी का दरबार



*प्रयागराज। देशभर शारदीय नवरात्र को लेकर सभी मंदिरों में खासी भीड़ उमड़ रही है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार को नवरात्रि उत्सव के दूसरे दिन पुजारी देवी दुर्गा की पूजा करते हुए।*

# मराठवाड़ा में गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसे हालात बने, यहां बांध हो गए लबालब

### महाराष्ट्र और बंगाल में बारिश से हाहाकार

एजेंसी ▶▶ सोलापुर

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर, जालना और बीड़ जिलों में मंगलवार को भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़ने के कारण गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसी स्थिति बन गई।



धाराशिव जिला पहले से ही बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहा है और मराठवाड़ा के 129 राजस्व इलाकों में पिछले चौबीस घंटों में बहुत ज्यादा बारिश हुई है। कुछ इलाकों में ऐसा लगा जैसे बादल फट गए हों। उन्होंने बताया कि दोनों बांध लगभग पूरी तरह भरे हुए थे और वहां से पानी छोड़ा जा रहा था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष मंत्री शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार को उन किसानों की जल्द से जल्द मदद करनी चाहिए।



### कोलकाता में बारिश से सड़कों पर तीन फीट तक भरा पानी, सात की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई। शहर की कई सड़कों पर 3 फीट तक पानी भर गया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने की 'विकसित भारत बिल्डाथॉन' की शुरुआत

# 12 करोड़ छात्र प्रस्तुत करेंगे विचार, डिजाइन और नवाचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग के सहयोग से कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए 'विकसित भारत बिल्डाथॉन' की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता को बढ़ावा देना है, ताकि वे 'विकसित भारत 2047' के विज़न के साथ आगे बढ़ सकें। इस बिल्डाथॉन के जरिए देशभर के छह लाख स्कूलों के करीब 12 करोड़ छात्रों को विचार प्रस्तुत करने, डिजाइन बनाने और प्रोटोटाइप विकसित करने का मौका मिलेगा। इसमें 4 प्रमुख विषय तय किए गए हैं - वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी और समृद्ध भारत।

### 6 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे पंजीकरण




स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से यह बिल्डाथॉन 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 6 लाख स्कूलों में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। छात्र 23 सितंबर से 6 अक्टूबर तक पंजीकरण कर सकते हैं। अपनी प्रविष्टियां 13 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जमा की जा सकती हैं।

**10 राष्ट्रीय, 100 राज्य 1,000 जिला स्तर के विजेता होंगे सम्मानित**

विजेताओं के नाम जनवरी 2026 में घोषित किए जाएंगे। इसमें 10 राष्ट्रीय स्तर, 100 राज्य स्तर और 1,000 जिला स्तर के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। कुल एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है।

### नई शिक्षा नीति का विजन

कार्यक्रम को लेकर धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर पोस्ट किया कि दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा और अनोखा इनोवेशन मूवमेंट, जिसमें 6लाख से ज्यादा स्कूल और 12 करोड़ छात्र हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान से प्रेरित विकसित भारत बिल्डाथॉन, नई शिक्षा नीति 2020 के विज़न को धरातल पर उतारने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। यह छात्रों को अपने विचार और नवाचार परखने का वैश्विक मंच देगा और उन्हें राष्ट्रीय विकास के लिए रचनात्मक सोचने के लिए प्रेरित करेगा।

## चिंतन

# जीएसटी बचत उत्सव पर खरीदारी के क्या मायने

जीएसटी बचत उत्सव के रूझान आने शुरू हो गए हैं। बिलकुल वैसा ही हो रहा है, जैसी सरकार ने उम्मीद की थी। लोग दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। पहले नवरात्र के दिन ही जमकर उत्सव मनाया। देश की टॉप तीन ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड 51000 से ज्यादा कारें बेचीं। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने की वजह कार की कीमतें 4 साल पहले के बराबर पहुंच गई। इसके अलावा, कंपनियां 10 फीसदी से ज्यादा फेस्टिव डिस्काउंट भी दे रही हैं। ये डिस्काउंट तो कंपनियां हर साल नवरात्र के दिनों में देती रही हैं, लेकिन खरीदारी का ऐसा माहौल कई सालों बाद नजर आ रहा है। जीएसटी-2.0 लागू होने के बाद चार मीटर तक लंबी और 1200 सीसी पेट्रोल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी व 1 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसी तरह चार मीटर तक लंबी और 1500 सीसी डीजल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी और 3 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। बड़ी गाड़ियों जैसे चार मीटर से ज्यादा लंबी और 1200 सीसी से ज्यादा की पेट्रोल व 1500 सीसी से ज्यादा की डीजल गाड़ियों पर अब 40 फीसदी जीएसटी लग रहा है। यही कारण है कि लोगों ने नवरात्र के पहले ही दिन से जबरदस्त खरीदारी शुरू कर दी है। अगर नवरात्र के पहले ही दिन की केवल ऑटो मोबाइल सेक्टर की सेल को देखें तो सहज ही अंदाजा हो रहा है कि देशवासियों ने इसे हाथों हाथ लिया है। देश की सबसे बड़ी ऑटो मोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी ने 22 सितंबर को महज एक दिन में करीब 30,000 कारें बेचीं, जबकि 80,000 लोगों ने गाड़ियों की जानकारी ली। ये पिछले 30 सालों में सबसे जबरदस्त रिस्पॉन्स है। छोटी कारों के दाम 10-15 फीसदी तक कम हो गए है। ये उन लोगों ने लिए तोहफे की तरह है, जिनका कई साल से कार लेने का सपना तो था, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। अब कारें सस्ती होते ही ये मिडिल क्लास फैमिली वाले सीधे शोरूम पहुंच गए। केवल मारुति ही क्यों हुंडई ने भी नवरात्रि के पहले दिन करीब 11,000 गाड़ियां बेचीं, जो 5 साल में उसकी एक दिन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है। कंपनी की ग्रैंड आई 10, नियोस और क्रेटा जैसे पॉपुलर मॉडल की सबसे ज्यादा डिमांड है। टाटा ने भी करीब 10,000 कारें डिलीवर कीं, जो अब तक का सबसे अच्छा रिकॉर्ड था। नेक्सॉन और पंच जैसे एसयूवी मॉडल्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे। कंपनी जीएसटी कम होने के अलावा और भी कई तरह के लाभ दे रही है। वैसे तो भारत में त्योहारों का मौसम हमेशा से खरीदारी का सीजन माना जाता है। इस बार जीएसटी रिफॉर्म ने इसे और खास बना दिया। रिटेल व ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑफर्स और भी आकर्षक हो गए हैं। घरेलू सामान और किचन आइटम्स की कीमतें घटने से उपभोक्ताओं का उत्साह बढ़ा है। अभी केवल ऑटो मोबाइल कंपनियों की एक दिन की सेल का डाटा सामने आया है। लोगों इन दिनों में कपड़े, जूते, मोबाइल, टैब, सजावट व घरेलू सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। जैसे-जैसे नवरात्रों के दिन आगे बढ़ेंगे वैसे-वैसे सेल में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। अभी उन लोगों का आंकड़ा सामने आना शेष है जो ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। इशारा साफ है कि देशवासियों ने बचत उत्सव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गर्व से लो, स्वदेशी लो' पर अमल करना शुरू कर दिया है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा एक और कदम है।

# बचत से खुशियां और आर्थिक रफ्तार



जीएसटी-2.0
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी आरएंडआई ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को सोशल मीडिया पर खुला पत्र लिखकर कहा कि जीएसटी सुधार और आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड रुपये की बचत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ 'बचत उत्सव' मनाते हुए दिखाई देंगे और ऐसे में कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों से स्वदेशी उत्पाद बेचने का आग्रह भी किया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इंफार्मेशन (आरएंडआई) ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस कर दिया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

गौरतलब है कि हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए बड़ा उपहार हैं। इन दिनों हाल ही में जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए नए सुधारों और नई व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, वरन देश विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह आम लोगों के जीवन में खुशहाली का डबल धमाका है। इनकम टैक्स में मिली 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी की दरों में की गई कटौती से घरों का बजट सुधरेगा, आम लोगों की बचत बढ़ेगी और मध्यम वर्गीय लोगों की क्रयशक्ति में बड़ा इजाफा होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधारों से इसी वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई दे सकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में कर दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। साथ ही इससे महंगाई में भी कमी आएगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है।

उल्लेखनीय है की जीएसटी सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48,000 करोड रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद




बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। देश में जीएसटी घटने से खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

निश्चित रूप से जिस तरह केंद्र सरकार जीएसटी में आमूल बदलाव की डगर पर आगे बढ़ी है, उसी तरह सरकार इनकम टैक्स को आसान और राहतकारी बनाने के लिए भी तेजी से आगे बढ़ी है। इनकम टैक्स कानून 2025, मौजूदा इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेते हुए एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा। वस्तुतः नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं का बदलाव नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था का कायापलट होगा। इससे देश में टैक्स सिस्टम के डिजिटल और सरल युग का नया दौर शुरू होगा। इस नए कानून के तहत टैक्स कानूनों के मकड़जाल को खत्म कर एक ऐसी प्रणाली निर्मित होगी, जो सहज, आम टैक्सपेयर के लिए लाभकारी हो और इससे नए करदाता अपनी आमदनी के मुताबिक इनकम टैक्स देने के लिए तत्पर हों। खास बात यह है कि मौजूदा इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

खास बात यह भी है कि 1961 के इनकम टैक्स कानून में वर्ष 2024 तक 4,000 से ज्यादा संशोधन व सुधार हुए हैं और इसमें 5 लाख से ज्यादा शब्द हैं। ऐसे जटिल हो चुके इनकम टैक्स कानून को सरल और व्यावहारिक बनाने के लिए नया इनकम टैक्स कानून 2025 एक अत्यन्त सराहनीय कदम है। नया इनकम टैक्स कानून पुराने कानून को लगभग 50 प्रतिशत तक सरल बनाता है। यह कानून भाषा को आसान बनाने के साथ ही कटौतियों को स्पष्ट करता है और विभिन्न प्रावधानों के बीच क्रॉस रेफरेंसिंग को मजबूत करता है। नया कानून गृह संपत्ति से होने वाली आय, जिसमें मानक कटौती और गृह ऋण पर निर्माण-पूर्व ब्याज शामिल है, से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करता है। माध्यम से टैक्स कानून को सरल बनाते हुए उसके पेजों की संख्या को आधी कर दिया है और अप्रासंगिक हो चुके प्रविधानों को हटा दिया गया है।

उम्मीद करें कि देश में 22 सितंबर से लागू नई जीएसटी व्यवस्था और दो स्लैब वाली कर प्रणाली के साथ-साथ एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स कानून के तहत नए बदलाओं के कार्यान्वयन पर सरकार शुरुआत से ही इस तरह ध्यान देगी कि इन कानूनों की सरलता से देश के करोड़ों लोग लाभांवित हों, वे बिना किसी संकोच के काम कर सकें। उम्मीद करें कि जीएसटी और इनकम टैक्स के तहत नए अहम कर सुधारों से करदाताओं की संख्या बढ़ाने, टैक्स जटिलता और मुकदमों में कमी लाने में उपयोगिता मिलेगी। जीएसटी और इनकम टैक्स कर कानूनों में सुधारों से देश के उद्योग-कारोबार ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश को आर्थिक रफ्तार देंगे। उम्मीद करें कि देश में बचत उत्सव आम आदमी की खुशियां और परिवारों की आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों की बिक्री और युवाओं के लिए नौकरी के अधिक अवसर निर्मित करते हुए देश की आर्थिक रफ्तार तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

( लेखक अर्थशास्त्र के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## फैसला
मनोज कुमार अग्रवाल



# शीर्ष अदालत ने भी माना वनतारा देश की शान

अनन्त अंबानी के ड्रीम प्रोजेक्ट वनतारा पर लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस फाउंडेशन के जामनगर स्थित वनतारा प्रोजेक्ट को क्लीन चिट देते हुए सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। एसआईटी जांच में पशु तस्करी, दुर्व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप निराधार पाए गए। शीर्ष अदालत ने वनतारा को राष्ट्रीय गौरव बताया और कहा कि बार-बार ऐसे मुकदमे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। गुजरात के जामनगर में स्थित यह एनिमल रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन इनिशिएटिव अब कानूनी तौर पर पूरी तरह वैध और सही साबित हुआ है। यह फैसला एसआईटी की रिपोर्ट पर आया है, जिसमें महीनों से चल रही बहस और अटकलों का अंत हो गया।

वनतारा के खिलाफ दो रिट पिटीशन दाखिल हुई थीं। इनमें आरोप लगाया गया था कि जानवरों को अवैध तरीके से लाया गया है, कैप्टिविटी में उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है और वित्तीय अनियमितताएं भी हैं। अदालत ने पहले कहा था कि इन आरोपों को समर्थन देने के लिए कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया। लेकिन आरोप बेहद गंभीर थे, इसलिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी बनाई गई, जिसका नेतृत्व रिटायर्ड जजों और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के प्राणी बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि प्राधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतुष्टि व्यक्त की है। विशेष जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया।

दरअसल, वनतारा के मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने शुक्रवार को एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपी। वहीं, एसआईटी के वकील द्वारा रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद इसे रिकॉर्ड में ले लिया। पीठ ने कहा, इस अदालत द्वारा गठित एसआईटी ने एक सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट और एक पेन ड्राइव जमा कर दी है, जिसमें रिपोर्ट और उसके अनुलग्नक भी शामिल हैं। इसे स्वीकार किया जाता है और इसे रिकॉर्ड में शामिल करने का निर्देश दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों तथा गैर सरकारी संगठनों और वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। व्यापक आरोपों को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजी प्रतिवादी या किसी अन्य पक्ष से जवाब आमंत्रित करने से कोई खास लाभ नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को भारत और विदेश से पशुओं, विशेष रूप से हाथियों को लाने, वन्य जीव अधिनियम और उसके तहत चिड़ियाघरों के लिए बनाए गए नियमों के अनुपालन, वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार पर अंतरराष्ट्रीय समझौता, आयात-निर्यात कानूनों और जीवित पशुओं के आयात और निर्यात से संबंधित अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

गौरतलब है कि वनतारा प्रोजेक्ट रिलायंस के अनंत अंबानी की सोच है। वनतारा का मतलब होता है स्टार ऑफ द फॉरेस्ट रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी के 3000 एकड़ रिक्लेम्ड ग्रीनबेल्ट पर यह पहल विकसित हुई है। आज वनतारा दुनिया के सबसे बड़े एनिमल रेस्क्यू और रिहैब सेंटरों में से एक है। यहां 200 से ज़्यादा हाथी। 300 से अधिक बड़ी बिल्लियां (शेर, बाघ, तेंदुए, जगुआर), 300 से अधिक शाकाहारी (हिरण, काले हिरण आदि), 1200 से अधिक सरीसृप (घड़ियाल, सांप, कछुए) सहित 1.5 लाख जानवर, 2000 से ज़्यादा प्रजातियों के साथ, इस ईकोसिस्टम का हिस्सा हैं। बता दें कि वनतारा देश का अपने तरह का एक यूनीक संस्थान है जो जीवों पशुओं के लिए इतना बड़ा रिहैबीलेशन का काम कर रहा है। यह उध्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने लाडले कनिष्ठ पुत्र की खराब सेहत जीव प्रेम की जीजीविशा के चलते स्थापित किया है। देश की शीर्ष अदालत ने माना है कि वनतारा देश की शान है यानि अब यह अदालत की भी 'आंखों का तारा' बन गया है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीत दोहराने को जनमानस की नब्ज टटोलनी होगी

बड़े-बड़े उद्‌घाटन, नई-नई लुभावनी स्कीमें गौण हैं, जब तक जनमानस की नब्ज़ न टटोली जाए। यही एक मूल मंत्र है, जो हर जीत की चाहत रखने वाले को समझना होगा। दफ्तरों में धक्के खाना, नौकरशाही द्वारा तारीखें डाल बेकसूर की प्रताडऩा, जनहित कार्यों में कर्णधारों द्वारा उदासीनता भरा रवैया ही जनमानस की दुखती रग है।इसे समझना होगा, अन्यथा आज चुना हुआ प्रतिनिधि वहीं खड़ा है, जहां पिछले चुनाव से ठीक पहले उसका प्रतिद्वंदी खड़ा था। भाव सीधा व स्पष्ट है कि बारी-बारी का खेल खत्म कर बार-बार तभी संभव है, यदि माननीय उपरोक्त सच्चाई से मुंह न फेरें। जन प्रतिनिधियों को जनकल्याण के कामों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

*- मोहन साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

### भारत ने यूएनजीए में किया ग्लोबल साउथ का समर्थन

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें वर्षगांठ सत्र के तहत आयोजित एक उच्च-स्तरीय संवाद में अत्यधिक गर्मी से निपटने के लिए अपने राष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग और कम लागत वाले शीतलन समाधानों को बढ़ावा देना शामिल है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने सोमवार को प्रारंभिक चेतावनी और अत्यधिक गर्मी पर उच्च-स्तरीय समाधान संवाद में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जॉर्ज ने सत्र को संबोधित करते हुए बढ़ते वैश्विक तापमान से उत्पन्न पर्यावरणीय आपदाओं से निपटने में 'ग्लोबल साउथ' का समर्थन करने के लिए भागीदारों के साथ काम करने की भारत की तत्परता को रेखांकित किया। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। उन्होंने गर्मी से निपटने के लिए भारत के राष्ट्रीय प्रयासों 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक अलर्ट के लिए डिजिटल उपकरणों एवं अत्यधिक गर्मी से निपटने के वास्ते कम लागत वाले शीतलन समाधानों के उपयोग' पर प्रकाश डाला।



## ऑफ बीट

### ऑस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा दर्द से परेशान

आमतौर पर चोट या बीमारी के बाद अधिकांश बच्चे दर्द से उबर जाते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा, लगभग 8,77,000 को तीन महीने से अधिक समय तक लगातार इस पीड़ा से गुजरना पड़ता है। चिकित्सक इस स्थिति को पुराना या लगातार रहने वाला दर्द कहते हैं। बच्चों में यह दर्द सिरदर्द, पेट दर्द या गठिया जैसी बीमारियों के कारण हो सकता है। हालांकि, कई मामलों में दर्द का कोई स्पष्ट कारण नहीं होता।'क्रॉनिक' दर्द पर ऑस्ट्रेलिया द्वारा कराये गए एक नये अध्ययन में, 229 बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों से इस दर्द से जुड़े उनके अनुभवों के बारे में जानकारी जुटाई गई। परिवारों ने बताया कि यह दर्द खेलकूद, पढ़ाई, दोस्ती और माता-पिता के काम करने की क्षमता तक को प्रभावित करता है, लेकिन यह समस्या अक्सर दिखाई नहीं देती। वर्ष 2025 की 'नेशनल किड्स इन पेन रिपोर्ट' में एक कठोर तस्वीर पेश की गई है: दर्द स्कूली शिक्षा को बाधित करता है, मित्रता को खत्म करता है, पारिवारिक जीवन को बदल देता है, तथा राष्ट्रीय उत्पादकता पर भारी दबाव डालता है।



## ट्रेंड

### मेरे जूनियर

भोपाल के दैविक बाघेला की हर तरफ चर्चा है। हाल ही में प्रसिद्ध अभिनेता अभिषेक बच्चन जी के साथ उनकी फिल्म कालीधर लापता रिलीज़ हुई है और ध्यान खींच रही है। दैविक मॉडल स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इसलिए दैविक मेरे जूनियर हुए।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री



### आत्मनिर्भर भारत

भारत का पैसा भारत के कारीगरों के हाथों में जाए, युवाओं के हाथों में जाए, भारत के ही हस्तशिल्पियों के हाथों में जाए। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' स्वदेशी के जिस मॉडल पर आधारित होगा, वही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को पूरा करेगा।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी



### जीएसटी वसूली

जनता पूछ रही है भाजपा सरकार ने पिछले 8 सालों में जो वसूली जीएसटी के नाम पर की है। वो कुल राशि यूपी भाजपा सरकार के महाकुंभ मॉडल की तरह पुलिस द्वारा 'घर' पर 'कैश' पहुंचाई जाएगी या बीमे के प्रीमियम में एडजस्ट की जाएगी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता



### साहस और प्रेरणा

तन्वी द ग्रेट सिनेमाघरों में वापस आ गई है। दूसरा मौका मायने रखता है, क्योंकि ये हमें साहस, आशा और प्रेरणा को फिर से जीने का मौका देता है। तन्वी द ग्रेट की वापसी का अनुभव करें।

- अनुपम खेर, अभिनेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 12 से 18 नवंबर के बीच खेलेगी मैच

**तिरूवनंतपुरम।** लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आयेगी।

### हैंपशर के खिलाफ मैच के लिए राहुल चाहर सर्रे टीम में



**लंदन।** भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर को हैंपशर के खिलाफ इंग्लिश काउंटी सत्र के आखिरी मैच के लिये सर्रे टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 24 से 27 सितंबर तक यूटिलिटा बाउल में खेला जायेगा । सफेद गेंद के क्रिकेट में सात बार भारत के लिये खेल चुके 26 वर्ष के चाहर ने सितंबर की शुरूआत में काउंटी चैम्पियनशिप सत्र के लिये रजिस्टर कराया था लेकिन वार्विकशर और नॉटिंघमशर के खिलाफ उनकी जरूरत नहीं पड़ी। सर्रे काउंटी ने एक्स पर लिखा ,'' लेग स्पिनर राहुल चाहर काउंटी चैम्पियनशिप के आखिरी मैच के लिये टीम में हैं । वह रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिये खेलते हैं और भारत के लिये सीमित ओवरों के क्रिकेट में सात मैच खेल चुके हैं ।' चाहर ने सर्रे की वेबसाइट पर कहा ,'' इस सप्ताह के मैच के लिये सर्रे से जुड़कर खुश हूं । मैं टीम की जीत में योगदान देना और अपना प्रभाव छोड़ना चाहता हूं ।

### मेघना ने किया कोरिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश

**सुवोन।** भारतीय खिलाड़ी मेघना रेड्डी ने मंगलवार को क्वालीफायर में सीधे गेम में जीत दर्ज कर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।



इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे की पेई चू चेन को 21-6, 21-18 से हराने के बाद जापान की रिरिना हिरामोटो को रोमांचक मुकाबले में 21-19, 22-20 से पछाड़कर 475,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। मेघना के सामने पहले दौर में थाईलैंड की तोनरुग साएहेंग की चुनौती होगी।

### महान अंपायर डिकी बर्ड का 92 साल की उम्र में निधन



**लंदन।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे।

# महिला क्रिकेट वनडे में लैनिंग ने 15, स्मृति और बेट्स ने जड़े 13-13 शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों ने वनडे मैचों में अपनी बल्लेबाजी क्षमता को पूरी दुनिया के सामने कई बार साबित किया है। इस प्रारूप में कई बल्लेबाजों ने यादगार शतकों से टीम को जीत दिलाई है। कुछ खिलाड़ी तो लगातार शानदार प्रदर्शन करती रही हैं और कई शतक जड़ दिए हैं। ऐसे में आइए वनडे क्रिकेट के इतिहास में उन महिला खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा शतक अपने नाम किए हैं।



### मेग लैनिंग (15 शतक)

इस सूची में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज मेग लैनिंग हैं। उन्होंने 2011 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2023 में ये प्रारूप खेलती हुई नजर आईं थीं। उन्होंने 103 मुकाबलों की 102 पारियों में 16 बार नाबाद रहते हुए 15 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 53.51 की औसत से 4,602 रन निकले हैं। लैनिंग ने 21 अर्धशतक भी लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* रन रहा है।

### स्मृति मंधाना और सूजी बेट्स (13-13 शतक)

सूची में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 2 खिलाड़ी स्मृति मंधाना और न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की सूजी बेट्स हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने वनडे करियर में 13-13 शतक जड़े हैं। मंधाना 108 मुकाबलों की 108 पारियों में ये शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 47.92 की औसत से 4,888 रन निकले हैं। बेट्स ने 171 मैचों की 164 पारियों में 39.83 की औसत से 5,896 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 37 अर्धशतक भी निकले हैं।



### टैमी ब्यूमोंट (12 शतक)

इस सूची में तीसरे स्थान पर इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी टैमी ब्यूमोंट हैं। उन्होंने साल 2009 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 132 वनडे मुकाबले खेले हैं और इसकी 122 पारियों में 12 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 41.16 की औसत से 4,528 रन निकले हैं। ब्यूमोंट ने अपने वनडे करियर में 23 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 168* रन रहा है।

### इन खिलाड़ियों ने जड़े हैं 9 शतक

महिला वनडे क्रिकेट में 5 खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 9-9 शतक लगाए हैं। ये खिलाड़ी हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), लौरा वोलवर्ड्ट (दक्षिण अफ्रीका), नेट साइवर ब्रंट (इंग्लैंड), चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका) और चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड) हैं। इन खिलाड़ी में सबसे ज्यादा रन एडवर्ड्स के बल्ले से निकले हैं। उन्होंने 191 मैचों की 180 पारियों में 38.16 की औसत से 5,992 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 46 अर्धशतक भी निकले हैं।

**एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से**

# विजय रथ पर सवार टीम इंडिया का मुकाबला आज बांग्लादेश से

## शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी पर रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में सुपर-4 के चौथे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना आज 24 सितंबर बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट टीम से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और वह विजयी क्रम को बरकरार रखना चाहेगी। बांग्लादेश ने सुपर-4 में अपने पहले मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराया है। ऐसे में वह भी जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। वहीं अगर बात की जाए दोनों टीमों की तो बांग्लादेश के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। भारत और बांग्लादेश के बीच यह महामुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 24 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जायेगा।

### बांग्लादेश के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

एशिया कप के वनडे और टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच 15 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 13 में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है और 2 मैच बांग्लादेश ने जीते हैं। टी-20 प्रारूप में दोनों टीमें 2 बार आमने-सामने हुई हैं और दोनों में ही भारतीय टीम को जीत मिली है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दोनों टीमें 17 बार भिड़ी हैं, जिसमें भारत ने 16 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश की टीम ने सिर्फ एक मैच जीता है।



### विजयरथ पर सवार है भारत

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही है. टीम इंडिया ने खेले गए अब तक 4 मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज की है। वहीं, बांग्लादेश की बात करें, तो उसने पिछले मैच में श्रीलंका को हराकर उनके विजयरथ पर विराम लगाया था। इसलिए टीम इंडिया बांग्लादेशी टीम को हल्के में नहीं ले सकती।

### बुमराह से टीम को दमदार प्रदर्शन की रहेगी उम्मीद

भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी से फिर से शानदार शुरुआत की उम्मीद रहेगी। विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन फिर मध्यक्रम को संभालते दिखाई दे सकते हैं। जसप्रीत बुमराह से टीम को इस बार दमदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

### चोटिल हुए बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास



बांग्लादेश क्रिकेट टीम को एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम से भिड़ना है। 24 सितंबर को होने वाले इस मैच से ठीक पहले बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास चोटिल हो गए हैं। दरअसल, 22 सितंबर को ट्रेनिंग के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। अब उनके भारत के खिलाफ अगले मैच में खेलने को लेकर स्पष्टता नहीं है। खबरों के मुताबिक, लिटन को नेट पर स्क्वायर कट का प्रयास करते समय कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया। बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया, हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल परीक्षण करना होगा।

**श्रीलंकाई लगभग एशिया कप से बाहर**

# पाक ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया, शाहीन ने 3 विकेट झटके

### पाकिस्तान की एशिया कप फाइनल की उम्मीदें कायम



एजेंसी ▶▶| अबु धाबी

शाहीन शाह अफरीदी और हुसैन तलत की अगुआई में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से पाकिस्तान ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के कम स्कोर वाले मैच में मंगलवार को यहां श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। भारत के खिलाफ पिछले मैच में शिकस्त झेलने वाले पाकिस्तान ने श्रीलंका के 134 रन के लक्ष्य को मोहम्मद नवाज (नाबाद 38 रन, 24 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) और तलत (नाबाद 32 रन, 30 गेंद, चार चौके) के बीच छठे विकेट की 58 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 18 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर हासिल कर लिया। श्रीलंका की ओर से महेश तीक्षणा (24 रन पर दो विकेट) और वानिंदु हसरंगा (27 रन पर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी ने उम्दा गेंदबाजी की लेकिन श्रीलंका को हार से नहीं बचा पाए। श्रीलंका ने इससे पहले शाहीन (28 रन पर तीन विकेट), तलत (18 रन पर दो विकेट) और हारिस राऊफ (37 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम आठ विकेट पर 133 रन ही बना सकी। लेग स्पिनर अबरार अहमद ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में आठ रन देकर एक विकेट चटकाया। श्रीलंका को अच्छी साझेदारी के लिए जूझना पड़ा। टीम की ओर से कामिंदु मेंडिस 44 गेंद में दो छक्कों और तीन चौकों से 50 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

**क्रिकेट**

# हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया के कप्तान बने दिनेश कार्तिक



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये भारत की टीम का कप्तान बनाया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट सात नवंबर से खेला जायेगा।

कार्तिक ने कहा हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी संभालना गर्व की बात है। मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का इंतजार है। हम बेखौफ और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हम रोमांचित हैं। उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें यकीन है कि उनकी मौजूदगी दर्शको के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

## धीमी गति से ओवर फेंकने पर महिला टीम इंडिया पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने वाली है, लेकिन उससे पहले भारतीय महिला टीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते सीरीज 2-1 से पिछड़ गई। इस मैच में भारत की महिला टीम वक्त पर मैच को खत्म नहीं कर पाई और स्लो ओवर रेट का शिकार हुई। इसी के चलते आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया है, जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी।

**मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना**

आईसीसी ने अपने बयान में कहा है कि स्लो ओवर रेट के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिये आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.22 के तहत टीम के खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिये मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।

## श्रीजेश का लक्ष्य सीनियर टीम का मुख्य कोच बनना

**नई दिल्ली।** हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले पांच वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने का अपना सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे। श्रीजेश जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं और सीनियर टीम की जिम्मेदारी लेने की इच्छा पहले ही व्यक्त कर चुके हैं। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश का मानना है कि भारतीय टीम में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले आगामी जूनियर विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने की क्षमता है। श्रीजेश ने कहा, ''मुझे सीनियर कोच बनने के लिए उस परिपक्वता की जरूरत है। मैं अचानक इसमें नहीं कूद सकता। श्रीजेश ने कहा मुझे लगता है कि पांच से छह साल बाद मेरे पास कोच के रूप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करने का अनुभव होगा।



# वनडे रैंकिंग में भारत का दबदबा, हार के बाद भी टॉप पर स्मृति, खेली थी शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत की महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। इसी सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इसी बीच आईसीसी ने महिलाओं की वनडे रैंकिंग जारी की है। जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला ओडीआई बल्लेबाजी रैंकिंग में खुद को टॉप स्थान को बनाए रखा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेले गए पहले वनडे में 63 गेंदों पर 58 रन की शानदार पारी खेलकर यह मुकाम हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट को आगे नहीं आने दिया। यह चौथी बार है जब मंधाना ने रैंकिंग में नंबर एक का स्थान पाया है।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद, उनकी खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। बेथ मूनी 77 रनों की नाबाद पारी खेलकर तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। प्लेयर ऑफ द मैच रहीं फोबे लिचफील्ड 88 रन बनाकर 13 पायदान की लंबी छलांग के साथ एनाबेल सदरलैंड के साथ 25वें स्थान पर आ गई हैं। वहीं यह मैच टीम इंडिया हार कई फिर भी मंधाना की रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा।

**नीलामी के लिए कराया पंजीकरण**

# अश्विन इंटरनेशनल लीग के साथ बीबीएल में भी खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने के बाद अब दुनियाभर की लीग में खेलने के तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग और संयुक्त अरब अमीरात में खेली जाने वाली इंटरनेशनल लीग टी-20 दोनों में खेल सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने आईएलटी20 नीलामी के लिए पंजीकरण भी करा लिया है और बीबीएल की टीमों से भी बात चल रही है।



### 1 अक्टूबर को होगी आईएलटी-20 के लिए नीलामी

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन काफी समय से आईएलटी 20 आयोजकों से बातचीत कर रहे थे और पिछले दिनों उन्होंने इसकी नीलामी के लिए पंजीयन भी करा लिया है। इस लीग के आगामी संस्करण के लिए 1 अक्टूबर की नीलामी होगी। इसी तरह वह बीबीएल में खेलने के लिए कई टीमों से बातचीत कर रहे हैं। इनमें सिडनी सिक्सर्स, सिडनी थंडर, रिकी पोंटिंग की होबार्ट हरिकेंस और टिम पेन की एडिलेड स्ट्राइकर्स शामिल हैं। हालांकि, वह एक ही टीम से जुड़ेंगे।

### पंजीयन को लेकर अश्विन ने क्या कहा?

आईएलटी20 लीग में पहली बार हो रही नीलामी के लिए पंजीयन की पुष्टि करते हुए अश्विन ने कहा, मैंने नीलामी के लिए पंजीकरण करा लिया है। उम्मीद है 6 में से एक टीम मेरे लिए बोली लगाने में दिलचस्पी दिखाएगी। हालांकि उन्होंने बीबीएल को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन संकेत हैं कि कुछ दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा। बता दें कि इस साल आईएलटी20 में सीधा प्रवेश न मिलने से अश्विन को नीलामी में जाना पड़ा है।

### ऐसा है दोनों टी-20 लीगों का कार्यक्रम?

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन के लिए दोनों लीगों में पूरा समय देना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि दोनों लीगों के कार्यक्रम आपस में टकरा रहे हैं। आईएलटी 20 सीरीज 2 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक खेली जाएगी, जबकि बीबीएल का आयोजन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होगा। मौजूदा स्थिति के नुसार, अश्विन आईएलटी20 से शुरुआत करेंगे और फिर बीबीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। हालांकि, कार्यक्रम के आपस में टकराने के कारण बीबीएल में इस साल उनकी उपलब्धता सीमित रहेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
THE ALL NEW
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम
₹82 665## से शुरू
GST बेनिफिट्स
₹6 459##
नया एक्स-शोरूम
₹76 206## से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI
₹75$ से शुरू
डाउन पेमेंट
₹1999$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000$ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Destini 125 in Haryana and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City:Dhruv Hero - 9289922868; Assandh:Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh:Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani:Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad:Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad:Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda:Laxmi Hero - 9289922433; Gohana:Krishna Hero - 9289923026; Hisar:Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar:Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari:Khanna Hero - 9289922050; Jind:National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra:VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali:Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula:Regent Hero - 9289923161; Panipat:Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa:Saraswati Hero - 9289922393; Rewari:Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa:Khanna Hero- 9289923195; Sonipat:Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar:Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.
RS/Hero/09/25